नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020




# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 353 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -4 पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मतदाता जागरूकता के स्वीप मैराथन...

राधेश्याम को चुनाव संचालक बनाना भाजपा की बड़ी रणनीति पेज -8 पर

## धरमजयगढ़ का सड़क भगवान भरोसे छोड़ भागने की तैयारी मे विनायक कंस्ट्रक्शन-सूत्र

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

धरमजयगढ़ की सड़कों की हालत दिन प्रतिदिन बत से से बत्तर होती जा रही जिसपर शासन-प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ना ही सड़कों के निर्माण के लिए कोई कदम उठाया जा रहा ना ही धुल से निवारण के लिए पानी का नियमित रूप से छिड़काव किया जा रहा। यही सब मामले और निर्माण में गड़बड़ी को देखते हुए कई उच्च अधिकारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही हुई, कई अधिकारियों को निलंबित भी किया गया पर वर्तमान में अभी तक व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रही। इसी बीच सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि निर्माण का टेंडर पाने वाली कंपनी श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर और विनायक कंस्ट्रक्शन के बीच सब कुछ सही नहीं चल रहा दोनों के बीच मनमुटाव की खबरे आ रही है। श्रीजी द्वारा कॉन्ट्रैक्ट पर विनायक कंस्ट्रक्शन के माध्यम से सड़क निर्माण का काम करवाया जा रहा है। पता चला है कि 5-6 महीने पहले विनायक कंस्ट्रक्शन द्वारा कुछ किलोमीटर का डामरीकरण कार्य करवाया गया था जिसकी गुड़वात्ता इतनी घटिया थी की पहली बारिश में ही सड़क बिखर गयी जिसके कारण कंपनी को सड़क फिर से निर्माण करना पड़ेगा इसलिए कंपनी को लाखों करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ा। खबर आ रही की विनायक कंस्ट्रक्शन धरमजयगढ़ शहर के तरफ का काम छोड़कर दूसरी जगह जाने की तैयारी कर चुकी है। हमारे संवाददाता द्वारा जब एक कर्मचारी से पुछा गया तब नाम गोपनीय रखने के शर्त बताया कि घटिया काम की वजह से जो कार्यवाही हुई और कंपनी को जो नुकसान हुआ उसे लेकर श्रीजी कंपनी विनायक कंस्ट्रक्शन से बहुत ज्यादा नाराज चल रही। असली मामला कॉन्ट्रैक्ट के पैसे को लेकर तू तू मैं मैं चल रही है। विनायक कंस्ट्रक्शन धरमजयगढ़ छोड़ने की तैयारी में प्रेमनगर स्थित बेस को खाली करने की तैयारी चालु हो गयी है। कर्मचारी ने कहा की जिस जमीन का एग्रीमेंट कर श्रीजी द्वारा किराये पर लेकर बेस बनाया गया था उसका एग्रीमेंट भी 10-15 दिन पहले खत्म हो चूका है और कंपनी ने नए एग्रीमेंट करने से साफ मना कर दिया है श्रीजी द्वारा लगभग 50 लाख का इन्वेस्टमेंट कर रेडीमेड घर और विभिन्न चीजों का निर्माण करवाया गया था जिसको तोड़कर सभी सामान को श्रीजी कंपनी वापस ले जा रही। धरमजयगढ़ तरफ के सड़क निर्माण के बारे मे पूछने पर कर्मचारी ने कहा की विनायक कंस्ट्रक्शन यहां से सभी सामान, मशीने, गाड़ियां पत्थलगांव तरफ भेज रही और कुछ सामान हाटी तरफ जा रहा और सड़क निर्माण का काम उधर से ही चालू किया जायेगा। धरमजयगढ़ के आस पास के जगह का काम लगभग 1 साल बाद चालू होगा। इसीलिए कुछ कुछ सामान को जनता की नजर से बचाकर गोपनीय तरीके से गाड़ियों में लोड करके भेजा जा रहा ऐसा चलता रहा तो हफ्ते भर के अंदर यहां से सभी सामान और गाड़िया चली जाएगी और बेस पूरी तरह खाली हो जायेगा। ऐसे मे भरोसा करना मुश्किल है कि कंपनी काम करेगी या दूसरे तरफ से सडुक निर्माण का बहाना बनाकर भागने की तैयारी कर रही।

रायपुर में एजाज ढेबर के समर्थकों का हंगामा

## अधेड़ ने केरोसीन डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

मेयर को शहर दक्षिण से टिकट नहीं मिलने पर भड़के

**रायपुर।** रायपुर में एजाज ढेबर के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। मेयर ढेबर ने विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी की थी, लेकिन रायपुर दक्षिण से उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया गया। बुधवार को कांग्रेस की लिस्ट आने के बाद गुरुवार को उनके समर्थक सड़क पर उतर आए। उनमें से एक शख्स ने खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह की भी कोशिश की।



कांग्रेस की दूसरी सूची आने के बाद लगातार कई दावेदारों के समर्थक हंगामा और बवाल कर रहे हैं। इसी कड़ी में रायपुर दक्षिण और उत्तर विधानसभा से एजाज ढेबर ने दावेदारी की थी, लेकिन दक्षिण से महंत राम सुंदर दास को टिकट दिया गया है। हालांकि उत्तर से अब तक कांग्रेस ने प्रत्याशी नहीं घोषित किया है।

### सुभाष स्टेडियम के पास बवाल

हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गुरुवार को सुभाष स्टेडियम में इकट्ठा हुए, जिसके बाद वे आकाशवाणी चौक पर पहुंचे और महापौर को विधानसभा प्रत्याशी बनाने की मांग करने लगे। इसी दौरान एक कार्यकर्ता ने अपने ऊपर केरोसिन छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि इस दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

### एजाज ढेबर के समझाने के बाद शांत हुए

सड़क पर एक घंटे से भी ज्यादा प्रदर्शन हुआ, हंगामा शांत नहीं होने पर पुलिस ने खुद महापौर एजाज ढेबर को बुलाया और प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए कहा। महापौर के कहने पर भी पहले तो कार्यकर्ता वापस जाने को राजी नहीं हुए, लेकिन काफी मनाने के बाद लौट गए।

## एक नजर

आबकारी घोटाले में आरोपियों को मिली बड़ी राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट पर लगाया स्टे



**रायपुर।** आबकारी घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित समेत पप्पू ढिल्लन को बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने तीनो के गिरफ्तारी वारंट पर स्टे लगा दिया है. आबकारी विभाग स्त्रङ्करकी जांच पर स्टे के बावजूद अंतरिम जमानत खारिज कर वारंट जारी करने का ऑर्डर ओवर रूल करने पर ईडी को कोर्ट से फटकार भी पड़ी. बचाव पक्ष से वकील मुकुल रोहतगी ने अपना पक्ष रखा. तीनो ही आरोपियों को कोर्ट ने अगले 6 हफ्ते की अंतरिम राहत दे दी है. जस्टिस संजय किशन कौल की डबल बेंच में मामले में सुनवाई हुई।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** नाहरपारा गुढ़ियारी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शंकर बघेल 35 वर्ष नाहरपारा गुढियारी का रहने वाला है।

## सरकार बनी तो होगा नक्सल समस्या का खात्मा, भ्रष्टाचारियों को नहीं बख्शेंगे - अमित शाह

लालबाग मैदान में जनसभा को किया संबोधित, शाह को सुनने पहुंचा जनसैलाब

जगदलपुर । केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर में जनसभा को संबोधित किया। शाह ने सर्वप्रथम भाजपा के विधानसभा प्रत्याशियों किरण देव जगदलपुर, मनीराम कश्यप बस्तर और विनायक गोयल चित्रकोट की प्रशंसा की और केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत कराया। साथ ही कांग्रेस को घोटालों की सरकार बताया।




**शाह ने कहा के कांग्रेस की सरकार बनी तो केन्द्र द्वारा भेजा छग. के विकास का पैसा कांग्रेस के विकास में दिल्ली जायेगा**

शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में तीन दीवाली मनायी जायेगी, पहला दीपावली को, दूसरा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा की सरकार बनने पर और तीसरा जनवरी में राम मंदिर के भव्य शुभारंभ पर।

शाह ने कहा कि मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाया, जिसके अंतर्गत पिछले 9 वर्षों में 75,000 करोड़ रुपये जिलों के विकास पर खर्च किया गया। इसके तहत पीने का पानी, प्राथमिक शिक्षा, गौशाला का विकास और घर-घर बिजली पहुंचाने जैसे कार्य किए गए हैं। बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट को लेकर उन्होंने साफ कह दिया कि स्टील प्लांट का निजीकरण नहीं होगा, यह बस्तर और बस्तरवासियों की संपदा है। मोदी जी की सरकार ने भूईया, भूईयां, भूयां, भारिया, पांडो, पण्डो, पंडो, धनवार, धुनवार, धनुहार, गदबा और गोंड़ को आदिवासी में शामिल करने का काम किया है।

उन्होंने नक्सल समस्या पर कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनी तो जो नक्सल समस्या यहां बाकी है, वह भी समाप्त हो जायेगी। वहीं शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की सरकार पर कई तंज कसे और कहा कि भ्रष्टाचारियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर दुबारा कांग्रेस की सरकार को जिताया तो जो केन्द्र का पैसा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भेजा जाता है वो कांग्रेस के विकास के लिये दिल्ली पहुंच जायेगा। सभा में संबोधन के तुरंत बाद केन्द्रीय गृहमंत्री शाह कोण्डागांव में पुलिस मैदान में जनसभा को संबोधित करने रवाना हुए। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाम 4:05 बजे माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट से सीधे दिल्ली के लिये रवाना हुए।

रायपुर में सराफा कारोबारियों पर आईटी का छापा

## सदर बाजार की 2 दुकानों पर पहुंचे इनकम टैक्स के अफसर

### खंगाले गए दस्तावेज

रायपुर। राजधानी रायपुर में इनकम टैक्स का छापा पड़ा है । यह कार्रवाई सराफा कारोबारी के ठिकानों में की जा रही है। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक सदर बाजार के अरिहंत और राजधानी ज्वेलर्स दुकान पर IT के अफसर पहुंचे हैं। साथ ही उनके निवास में भी जांच जारी है।



गुरुवार की सुबह अचानक इन 2 दुकानों में आयकर विभाग के अधिकारी पहुंचे। जहां 20 से ज्यादा अधिकारी इन दुकानों में दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। सराफा कारोबारियों की टैक्स रसीद और दुकान में हुए लेनदेन की डिटेल्स जांची जा रही है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े हैं अरिहंत के संचालक

*खबर है कि चैंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा अरिहंत ज्वैलर्स के संचालक हैं। उत्तम गोलछा के रायपुर स्थित शैलेंद्र नगर निवास में भी आयकर की टीम ने छापेमारी की है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी जा रही है। गुरुवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने राजधानी रायपुर के स्वर्ण भूमि कॉलोनी में रहने वाले स्टील कारोबारी के घर छापा मारा है। फिलहाल वहां पर कार्रवाई जारी है।आयकर विभाग की टीम कारोबारी के घर के साथ ही उसकी फैक्ट्री पर भी दबिश देकर दस्तावेज खंगाल रही है। इसके अलावा एक टीम ने ओडिशा में भी छापा मारा है। बताया जा रहा है कि वहां कारोबारी के पार्टनरों पर जांच चल रही है।*




## कांग्रेस के पास कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं,इसलिए इसलिए वे हर चुनाव में एक नया चेहरा लाते हैं-बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 53 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। भाजपा का गढ़ रही रायपुर दक्षिण सीट से कांग्रेस ने बृजमोहन अग्रवाल के मुकाबले महंत रामसुंदर दास को टिकट दिया है। इस पर रायपुर दक्षिण से भाजपा के उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस के पास कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं है, जिसे वे दूसरी बार चुन सकें और इसलिए वे हर चुनाव में एक नया चेहरा लाते हैं। महंत जी पिछले एक साल से जांजगीर से चुनाव लड़ने की तैयारी



कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उनको रायपुर भेज दिया। जनता ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है।कांग्रेस की दूसरी सूची में रायपुर के चार विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की घोषणा के साथ कई समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। भाजपा का गढ़ रही रायपुर दक्षिण सीट से कांग्रेस ने बृजमोहन अग्रवाल के मुकाबले महंत रामसुंदर दास को टिकट दिया है। बृजमोहन अग्रवाल यहां से लगातार सात बार से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इसके बावजूद कांग्रेस के कई दावेदार इस सीट से दावेदारी पेश कर रहे थे। कांग्रेस ने सभी दावेदारों को दरकिनार कर महंत रामसुंदर दास को बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। 2018 में इस सीट से कांग्रेस ने कन्हैया अग्रवाल को टिकट दिया था।

रायपुर ग्रामीण से विधायक के बेटे को टिकट दिए जाने पर रमन सिंह ने परिवारवाद का आरोप लगाया है

## जय-वीरू की जोड़ी हो चुकी खंडित-डॉ रमन सिंह

**रायपुर.** कांग्रेस की टिकट घोषित होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. रमन सिंह ने कहा, टिकट जारी होने के बाद अंदर का विरोध खुलकर सामने आने लगे हैं, जिसकी चर्चा वर्षों से थी. नाराजगी, इस्तीफा, रूठना और मनाने का खेल चलता रहा. जय-वीरू की जोड़ी खंडित हो चुकी है. जनघोषणा पत्र में अपने आपको अलग करने का निर्णय लिया. कांग्रेस ने विश्वास तोड़ा इसलिए टीएस बाबा समिति में नहीं रहने का फैसला लिया. टिकट वितरण के बाद ही नाम सामने आ रहे हैं.



अलग-अलग व्यक्ति के नाम सामने आ रहे हैं।

बृहस्पति सिंह की टिकट कटने के पर रमन सिंह बोले, इनमें टकराव पहले से है. जिस व्यक्ति ने हत्या का आरोप लगा दिया था, उसी का टिकट काटा।

बीजेपी के साथ टीएस सिंह की साठ गांठ वाले बृहस्पत सिंह के बयान पर पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा, अब बृहस्पत सिंह की जो प्रतिक्रिया आई है, उसका स्पष्ट कारण एक ही नजर आ रहा है. टिकिट कटने के लिए दोषी टीएस सिंहदेव को ही मान रहे हैं

और उनके बीच टकराव आज से नहीं पहले से हैं. जिस व्यक्ति ने हत्या का आरोप लगा दिया था, उससे बड़ी और क्या बात हो सकती है. रायपुर ग्रामीण से विधायक के बेटे को टिकट दिए जाने पर रमन सिंह ने परिवारवाद का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा,

उनका परिवार, परिवार नहीं होता. हिंदुस्तान का सबसे बड़ा परिवारवाद है, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के बाद प्रियंका उसके बाद उनका बच्चा राजनीति करेगा और शीर्ष पद पर रहेगा. परिवारवाद की राजनीति का जनक कांग्रेस है. ये सबसे बड़ा उदाहरण है.

आगे रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस के पास नामांकन के लिए कोई बड़ा फेस नहीं है. राहुल गांधी और सोनिया गांधी को बुला लें, इनके अलावा किसी नेता की गिनती होती नहीं. न इनकी पार्टी में कोई नेता है.

अमित शाह के बयान पर रमन सिंह ने कहा, अमित शाह ने ये कई बार कहा है, भ्रष्टाचार में कीर्तिमान स्थापित कांग्रेस सरकार ने किया है. भ्रष्टाचार करने में कोई क्षेत्र नहीं छोड़ा. जो PSC, शराब, कोयला, चावल में पैसा खा सकता है।

# परिदृश्यः सोलहवें वित्त आयोग की परीक्षा, वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक विकास का आकलन बड़ी चुनौती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शीघ्र ही 16वें वित्त आयोग का गठन करेंगी। वित्त आयोग एक सांविधानिक निकाय है, जो केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले करों को केंद्र और राज्यों के बीच बांटने की जिम्मेदारी निभाता है। वित्त आयोग का गठन हर पांच वर्ष के अंतराल पर होता है। आजादी के बाद से अब तक 15 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है और उनके फैसलों ने राज्यों को वित्तीय संसाधन मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके जरिये विभिन्न राज्य सरकारें संविधान के अनुरूप अपने कर्तव्य का निर्वाह कर पाने में सक्षम हुईं।

एक सांविधनिक निकाय होने के अलावा वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे का स्वतंत्र मध्यस्थ भी है। सरकार से बाहर के किसी स्वतंत्र निकाय द्वारा संसाधनों के बंटवारे की यह व्यवस्था अद्भुत तो है ही, इसे भारत की संघीय वित्तीय व्यवस्था की मजबूती का बड़ा कारण भी माना जाता है। वित्त आयोग के फैसले पांच साल के लिए कार्यकारी होते हैं। फिलहाल 15वें वित्त आयोग के फैसले कार्यकारी हैं। 15वें वित्त आयोग ने केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले कुल करों का 41 फीसदी हिस्सा राज्यों को देने की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले उपकरों और अधिभारों को राज्यों के साथ साझा करने का प्रावधान नहीं है। ऐसे ही विभिन्न सार्वजनिक उद्यमों से केंद्र द्वारा वसूले जाने वाले मुनाफा और लाभांश जैसे अनेक गैर कर राजस्वों को भी राज्यों के साथ बांटने का प्रावधान नहीं है। कुल संसाधनों और वित्तीय संबंधों के मौजूदा ढांचे के मद्देनजर संसाधनों की जरूरत और उनकी उपलब्धता के बीच वित्त आयोग को हमेशा ही बेहतर संतुलन बनाना पड़ता है। बेशक इस मामले में कोई स्थापित नियम नहीं है, लेकिन केंद्र और राज्यों की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वित्त आयोग इसका आकलन करता है कि संसाधनों का कितना हिस्सा राज्यों को स्थानांतरित करना चाहिए और कितना हिस्सा केंद्र के पास रहना चाहिए। उत्तरोत्तर वित्त आयोग ने यह काम न सिर्फ बेहद प्रशंसनीय तरीके से करते हुए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित की है, बल्कि इसी के साथ देश में वित्तीय सुधार के महत्वपूर्ण काम को भी अंजाम दिया है।



दीर्घावधि के नजरिये से देखें, तो 16वें वित्त आयोग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक अनिश्चय के कारण आर्थिक मामले में बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का आकलन कर पाना इनमें सबसे बड़ी चुनौती है।

अगर हम हाल के दौर की ही बात करें, तो 12वें वित्त आयोग ने राज्य स्तर पर नियम आधारित वित्तीय नियंत्रण का ढांचा लागू किया था, 13वें वित्त आयोग ने जीएसटी का ढांचा मुहैया कराते हुए वित्तीय अनुशासन के ढांचे को मजबूती दी थी, 14वें वित्त आयोग ने राज्यों को दिए जाने वाले करों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 42 फीसदी की थी, ताकि राज्यों को ज्यादा वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हो, जबकि कोविड महामारी के बीच 15वें वित्त आयोग ने वित्तीय स्थिरता और राज्यों को उपलब्ध होने वाले संसाधनों के मामले में जरूरी ढांचा बनाने के बारे में सुझाया था। चूंकि संसाधनों की जरूरत और प्रति व्यक्ति आय के मामले में विभिन्न राज्यों के बीच भारी अंतर है, ऐसे में, उत्तरोत्तर वित्त आयोगों ने इस समस्या के हल के लिए संसाधनों के हस्तांतरण में प्रगतिशील नजरिये का परिचय दिया है। यह इसी का नतीजा है कि प्रति व्यक्ति आय में निचले पायदान पर खड़े राज्यों को तुलनात्मक रूप से समृद्ध राज्यों की अपेक्षा संसाधनों का अधिक हिस्सा मिलता है। दीर्घावधि के नजरिये से देखें, तो 16वें वित्त आयोग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक अनिश्चय के कारण आर्थिक मामले में बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का आकलन कर पाना इनमें सबसे बड़ी चुनौती है। बेशक कोविड के बाद तेज आर्थिक विकास के मामले में भारत का प्रदर्शन सबसे अच्छा है, लेकिन लंबी अवधि के लिए विकास की भविष्यवाणी करते हुए विभिन्न अनिश्चितताओं और दूसरी बृहद आर्थिक अस्थिरताओं को भी ध्यान में रखना पड़ता है।

एक और बात यह कि कोविड महामारी के कारण केंद्र और राज्यों के कर्ज कोविड से पहले की तुलना में बहुत अधिक बढ़ गए हैं। बेशक पिछले दो वित्त वर्षों में कर्ज का अनुपात थोड़ा घटा है, लेकिन कर्ज में कमी आने की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहनी चाहिए। इसके अलावा कई बड़े राज्यों का राजस्व घाटा बढ़ा है। उत्पादक कार्यों के लिए खर्च बढ़ाने का प्रभावी तरीका यह है कि गैर जरूरी खर्च में कमी की जाए, तथा व्यावसायिक गतिविधियों, रख-रखाव और पूंजीगत खर्च में वृद्धि की जाए। लेकिन पूंजीगत खर्च में वृद्धि राजस्व घाटे में कमी होने पर ही संभव है। ऐसे ही उत्पादक खर्च बढ़ाना तभी संभव है, जब राजस्व घाटे में कमी लाने के लिए कोविड के बाद के वित्तीय ढांचे पर अमल हो। केंद्र और राज्यों के लिए दो और तथ्य महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। ये हैं देश के समृद्ध हिस्से की तरफ बढ़ता विस्थापन, जिससे शहरीकरण बढ़ रहा है, और दूसरा है जलवायु परिवर्तन। हालांकि वित्त आयोग नीति निर्धारक निकाय नहीं है, लेकिन यह स्थानीय स्तर पर विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे शहर विकास के वाहक बनें और बड़े स्तर पर होने वाले विस्थापन का दबाव सह सकें।

पिनाकी चक्रवर्ती

## संपादकीय

### अर्थव्यवस्था के अंतर्विरोध

अगर वास्तविक अर्थव्यवस्था की चुनौतियां बढ़ रही हैं, तो जीडीपी में ऊंची वृद्धि दर कहां से आ रही है? जाहिर है, यह शेयर, बॉन्ड और ऋण बाजार से आ रही है। यह एक बड़ा अंतर्विरोध है, जिसे समझना आज सर्वाधिक आवश्यक है। ये तीन ताजा आर्थिक सुर्खियां है: जुलाई से सिंतबर की तिमाही में भारत में नए निवेश की घोषणा में इस वित्त वर्ष कि पहली तिमारी की तुलना में 13 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की तुलना में 21.5 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके पहले इस वर्ष पहली तिमाही यानी मार्च से जून तक उसके पहले वाली तिमाही की तुलना में नए निवेश की घोषणाओं में 45.8 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। इनके बीच चिंता का पहलू प्राइवेट निवेश में आई भारी गिरावट है। दूसरी हेडलाइन बीते अगस्त महीने के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक से संबंधित है। बताया गया था कि इस सूचकांक 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मगर अब एक अखबार ने बताया है कि इस सकल बढ़ोतरी के अंदर मैनुफैक्चरिंग सेक्टर के एक तिहाई हिस्से का हाल यह रहा कि उसमें वृद्धि दर आधार वर्ष यानी 2011-12 के अगस्त में दर्ज हुई वृद्धि से भी नीचे चली गई। इस सेक्टर में वस्त्र, चमड़ा, लकड़ी, कागज, तंबाकू, कृत्रिम धातु, प्रिंटिंग आदि शामिल हैं। लेकिन ऐसी बदहाली सिर्फ पुराने दौर के उद्योगों की नहीं है।

## राजस्थान चुनाव 2023: वसुंधरा राजे युग से आगे बढ़ी भाजपा, सत्ता मिली तो नए चेहरा पर लगेगा दांव

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की पहली लिस्ट आ चुकी है। 41 उम्मीदवारों की घोषणा भी हो चुकी है, जिनमें लोकसभा के 6 सांसदों को टिकट दिया गया है और राज्यसभा से एक सांसद को मैदान में उतारा गया है। इन 41 सीटों में से केवल एक सीट विद्याधर नगर पर वर्ष 2018 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीती थी। विद्याधर नगर सीट पर भी पार्टी ने मौजूदा विधायक का टिकट काट राजसमंद से सांसद दीया कुमारी को मैदान में उतार दिया है। पिछले कुछ महीनो से पार्टी इसी कवायद में लगी है कि किस तरह नए चेहरों को मौका मिले और पार्टी संदेश दे कि वो सत्ता में वापसी के लिए गंभीर है।

### बात साल 2018 की है

वर्ष 2018 में राजस्थान में एक नारा जोर-शोर से चला था कि मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं... तो पार्टी की यही कोशिश है कि किसी भी तरह वो यह संदेश भी दे कि वसुंधरा राजे को इस बार पार्टी नेतृत्व नहीं देने जा रही है। शायद यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार राजस्थान आ रहे हैं व खुद की गारंटी दे रहे हैं और उन्हीं के चेहरे पर राजस्थान में चुनाव भी लड़ा जा रहा है। फिर भी कई ऐसे दिग्गज नेता हैं, जिनको भावी मुख्यमंत्री की दौड़ में माना जा रहा है, यानी साफ है कि राजस्थान में इस बार यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आती है तो एक नए चेहरे को नेतृत्व दिया जाएगा।

### बीजेपी दो बार रह चुकी है सत्ता से दूर

वसुंधरा राजे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। प्रदेश की दो बार



*वसुंधरा राजे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। उनकी फैन फॉलोइंग राजस्थान में जबरदस्त है। पूर्व राजघराने से आने वाली वसुंधरा के नेतृत्व में दो बार भारतीय जनता पार्टी सत्ता से कुछ दूर रह चुकी है।*

मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। उनकी फैन फॉलोइंग राजस्थान में जबरदस्त है। पूर्व राजघराने से आने वाली वसुंधरा के नेतृत्व में दो बार भारतीय जनता पार्टी सत्ता से कुछ दूर रह चुकी है। वर्ष 2008 और 2018, दोनों बार पार्टी वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते हुए चुनाव हारी थी। इस बार ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्टी वसुंधरा की छाया से दूर जा चुकी है।

जो 41 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आई है, उसमें वसुंधरा राजे के खास लोगों का भी टिकट काट दिया गया है। पहली लिस्ट के बाद कुछ जगहों पर विरोध-प्रदर्शन हो रहा है, लेकिन पार्टी इसे भी एक सुखद संदेश के रूप में ले रही है, क्योंकि जितना विरोध होगा, उतना पार्टी के प्रति जनता का आकर्षण बढ़ेगा। यह संदेश जाएगा कि पार्टी के प्रति रुझान बढ़ रहा है, इसलिए टिकटों के लिए मारामारी है।

### क्या ये हो सकते हैं मुख्यमंत्री के चेहरे?

जहां तक मुख्यमंत्री के चेहरे की बात है तो दौड़ में जोधपुर सांसद व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय रेल मंत्री व जोधपुर से ही आने वाले अश्विनी वैष्णव का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है।

विद्याधर नगर से जब दीया कुमारी को टिकट दिया गया तो समर्थक उनका नाम भी मुख्यमंत्री की रेस में चलाने लगे हैं। अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा से टिकट दिया गया है और मुख्यमंत्री की रेस में उनका नाम भी चल रहा है। बाबा बालकनाथ उसी नाथ संप्रदाय से आते हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आते हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया के नाम भी मुख्यमंत्री की रेस में चर्चाओं में हैं।

### किसके सिर बंधेगा जीत का सेहरा?

वहीं, जैसा भारतीय जनता पार्टी में एक सरप्राइज देने का फैक्टर है तो अभी कोई भी इस बात को लेकर 100 प्रतिशत आश्वस्त नहीं है कि पार्टी सत्ता में लौटी तो सेहरा किसके सिर बंधेगा? अधिकांश जानकारी यही मान रहे हैं कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौंकाने वाले निर्णय लेते हैं।

## मिला जुला

# हिजबुल्लाह इजरायल के खिलाफ छेड़ता है जंग तो अमेरिका की हो जाएगी युद्ध में एंट्री

तेल अवीव। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने एक दिवसीय दौरे पर 18 अक्टूबर, बुधवार को इजरायल पहुंचे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और इजरायल की स्थिति के बारे में जानकारी ली।



इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली मीडिया से भी बात की। बीते कुछ दिनों से खबरें आ रही थी कि अगर लेबनान का हिजबुल्लाह इजरायल पर हमला करता है तो अमेरिकी सेना भी जंग के मैदान में उतरेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने बयान दिया है।

क्या जंग के मैदान में IDF के समर्थन में उतरेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम नेतन्याहू से की चर्चा

जो बाइडेन ने IDF के समर्थन वाले बयान पर क्या जवाब दिया?

इजरायली मीडिया ने राष्ट्रपति बाइडेन से पूछा कि क्या बिडेन अधिकारियों ने हाल के दिनों में इजरायल को संकेत दिया है कि यदि हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो अमेरिकी सेना आतंकवादी समूहों से लड़ने में IDF के साथ हो जाएगी? इसपर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह सच नहीं है, मैंने ऐसा कभी नहीं कहा।

# देश को फिर रुलाएगा प्याज!, लगातार बढ़ रहे हैं दाम



**नई दिल्ली।** एक बार से देश में प्याज के दाम धूम मचा सकते हैं। हो सकता है कि 1 किलो प्याज के लिए आपको अच्छे-खासे पैसे चुकाने पड़ें। जी हां। दरअसल प्याज की सबसे बड़ी मंडी महाराष्ट्र के लासलगांव को माना जाता है।

और इस मंडी में पिछले 7 दिनों में करीब 37 फीसद का इजाफा देखने को मिला है। आपको बता दें कि महाराष्ट्र के लासलगांव मंडी ही देशभर में प्याज की कीमतों के लिए बेंचमार्क के तौर पर देखा जाता है।

### कहां कितना महंगा हो रहा प्याज

*लासलगांव मंडी में 10 अक्टूबर को प्याज का एवरेज रेट 2410 रुपए प्रति क्विंटल था, जो कल 3301 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। अब जब थोक बाजार में प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं तो फिर रिटेल में भी संभावना है कि इसके रेट्स बढ़ जाएं। मंथली प्राइस ट्रेंड की बात करें तो दिल्ली में 5 से 6 फीसदी थोक प्याज के दामों में इजाफा हुआ है। जहां ये महाराष्ट्र में 15 फीसदी का है।*

# दो राज्यों के बदले गए गवर्नर

### पूर्व सीएम रघुवर दास और बीजेपी नेता रेड्डी नल्लू इस राज्य के बनाए गए राज्यपाल



**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो राज्यों में नए राज्यपाल की नियुक्ति की है. जिसमें ओडिशा और त्रिपुरा में को नए राज्यपाल मिले हैं. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्रीरघुवर दास को ओडिशा और लंगाना के नेता इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया है.

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और भाजपा नेता इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को राज्यपाल पद पर नियुक्त किया गया है. विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नियुक्तियां कर के काफी खुशी हो रही है. नियुक्तियां संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी. रघुवर दास वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं. वे 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री थे. इंद्र सेना रेड्डी नल्लू तेलंगाना से बीजेपी नेता हैं.

# बिजनौर में बाघ के हमले से वनकर्मी की मौत

**बिजनौर** । यूपी के बिजनौर जिले में बाघ के हमले से वन विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अपने सहकर्मियों के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज अंतर्गत एक वन क्षेत्र में गश्त पर गया था। मृतक की पहचान बिजनौर के धारा गांव निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। पवन जब अपने सहकर्मियों के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज अंतर्गत सैंडिल बांध के पास गश्त कर रहा था, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उसे घसीटकर वन क्षेत्र में ले जाने की कोशिश की, लेकिन युवक की चीख-पुकार से सहकर्मी सतर्क हो गए और वे उसे बचाने के लिए दौड़ पड़े। शोर सुनकर बाघ युवक को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला।

#### खाद्यान्न उत्पादन में भारत बना रहा रिकॉर्ड

# गेहूं के साथ चावल के उत्पादन में बढ़ोतरी, दाल उत्पादन में आई कुछ कमी



**नई दिल्ली।** खाद्यान्न उत्पादन में भारत कमाल करने जा रहा है. फसल वर्ष 2022-23 में 32.96 करोड़ टन का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने का अनुमान है. इसमें जून में समाप्त फसल वर्ष 2022-23 के लिए गेहूं का रिकॉर्ड 11.05 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान है. कृषि मंत्रालय ने बुधवार को आंकड़े जारी करते हुए नए रिकॉर्ड उत्पादन की जानकारी दी है.

कृषि मंत्रालय कटाई के विभिन्न चरणों में अंतिम अनुमान से पहले तीन अनुमान जारी करता है. फसल वर्ष 2022-23 के लिए खाद्यान्न उत्पादन के अंतिम अनुमान के अनुसार, गेहूं उत्पादन ने 11.05 करोड़ टन का नया रिकॉर्ड बनाया है. जबकि फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में देश का वास्तविक गेहूं उत्पादन 10.77 करोड़ टन था. हालांकि, यह इसी फसल वर्ष के 11.27 करोड़ टन के तीसरे अनुमान से 21.9 लाख टन कम है.

कटाई के समय बेमौसम बारिश के कारण कुछ नुकसान हुआ, जिससे अंतिम अनुमान में फसल अनुमान में संशोधन किया गया. अंतिम अनुमान के अनुसार, चावल का उत्पादन वित्त वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड 13.57 करोड़ टन होने का अनुमान है. यह उससे पिछले फसल वर्ष में 12.94 करोड़ टन था.

फसल वर्ष 2022-23 में मोटे अनाज का उत्पादन 5.73 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो उससे पिछले वर्ष के 5.11 करोड़ टन से अधिक है. वहीं दालों के मामले में, कुल उत्पादन पिछले वर्ष के 2.73 करोड़ टन से घटकर 2022-23 में 2.6 करोड़ टन होने का अनुमान है. फसल वर्ष 2022-23 में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 32.96 करोड़ टन रहने का अनुमान है. यह एक साल पहले 31.56 करोड़ टन रहा था.

# पीएम मोदी गाजियाबाद को देगे रैपिड रेल की सौगात

**नई दिल्ली** . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्तूबर को रैपिडएक्स का उद्घाटन करेंगे. साथ ही, वसुंधरा में जनसभा को संबोधित भी करेंगे. इस दौरान मोहन नगर और साहिबाबाद में दिनभर भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा. कार्यक्रम में वीवीआईपी से लेकर आम लोग तक शिरकत करेंगे. जाम से निपटने के लिए पुलिस ने बुधवार को रूट और डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है. एडीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि डायवर्जन 20 अक्तूबर की सुबह सात बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा.



प्रधानमंत्री के विमान को हिंडन एयरपोर्ट पर उतारने की तैयारी है. लेकिन, मौसम खराब होने की स्थिति में प्रधानमंत्री का काफिला दिल्ली से ही सड़क द्वारा यूपी गेट होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा. संभावित चार रूटों पर सुरक्षा प्लान तैयार हो गया है. इसके तहत हिंडन एयरफोर्स वाले रूट को महत्वपूर्ण है.


1. मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ और मेरठ से आने वाली बसें राजनगर एक्सटेंशन, एलिवेटेड रोड से कनावनी से उतरेंगी और बुद्धचौक के पास पार्किंग संख्या-7 और क्राउन वसुंधरा चौकी के सामने पार्किंग संख्या-8 में खड़ी होंगीं. इसी रूट से आने वाले हल्के वाहन इंदिरापुरम थाने के सामने पार्किंग संख्या-6 में खड़े होंगे.

2. हापुड़, बुलंदशहर, नोएडा से आने वाली बसें विजयनगर, सीआईएसएफ रोड, इंदिरापुरम, कनावनी पुलिया से पार्किंग संख्या-7 और 8 में खड़ी होंगी. कार और अन्य हल्के वाहन पार्किंग संख्या-6 में खड़े होंगे.

# हैलो.. मैं..बोल रहा हूं कहते हुए कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में लगाया फोन

## निर्वाचन संबंधी शिकायत के लिए दूरभाष नंबर 07759.224608 जारी

जोहार छत्तीसगढ़–
कोरबा।



हैलो...हैलो.. मैं..बोल रहा हूं आप कौन बोल रहे हैं आप मेरी शिकायत नोट कर सकते हैं क्या... मैं कब तक इस नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता हूं.. क्या मेरी शिकायत पर कार्यवाही होगी यह कहते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आज अचानक निर्वाचन संबंधी शिकायतों हेतु स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07759.224608 पर फोन लगाकर कंट्रोल रूम के कार्यों का औचक परीक्षण किया। इस दौरान कंट्रोल रूम में उपस्थित कर्मचारी द्वारा फोन रिसीव करने और सही.सही जानकारी दिए जाने पर कलेक्टर ने संतुष्टि जताई। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में आम नागरिकों द्वारा की जाने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेने और प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में संधारण कर समय पर उच्च अधिकारियों को इसकी रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील हो गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित कर अलग–अलग क्रम में अधिकारियों की ड्युटी लगाई गई है। इसके साथ ही शिकायतों हेतु दूरभाष नंबर 07759.224608 जारी किया गया है। निर्वाचन संबंधी शिकायतों को देखते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के आम नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे जिले में आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए सद्भावना बनाए रखें। अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए मताधिकार का प्रयोग करें। किसी के प्रलोभन और बहकावे में न आवें। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार और जिला निर्वाचन अधिकारी से आवश्यक अनुमति के साथ सभी प्रत्याशियों को अपने पक्ष में प्रचार–प्रसार करने की आजादी है। कलेक्टर ने आम नागरिकों से यह भी अपील की है कि नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07759.224608 में किसी प्रकार की भ्रामक सूचना,शिकायत न करें, निर्वाचन संबंधी शिकायतों को महत्व दें। इसी तरह आम नागरिक निर्वाचन सम्बंधित शिकायत 07759.221096 और टोल फ्री नम्बर 1950 में भी दर्ज करा सकते हैं।

### कलेक्टर ने भ्रामक सूचना व शिकायत न करने की अपील की

### आम नागरिक बनकर कलेक्टर ने जांची व्यवस्था



# भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट की जारी

रायपुर। भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के लिए 40 स्टार प्रचारक तय कर दिए हैं। इनमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत आठ केंद्रीय मंत्री शामिल हैं।

इनके अलावा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा भी है। प्रदेश से गुरू बालदास समेत 11 नेताओं के नाम हैं। दस सांसदों में चार लिए गए हैं।



विधानसभा चुनाव 2023 हेतु स्टार प्रचारकों के लिए प्रस्तावित नाम

1 मान. श्री नरेन्द्र मोदी जी
2 मान. श्री जगत प्रकाश नड्डा जी
3 मान. श्री अमित शाह जी
4 मान. श्री राजनाथ सिंह जी
5 मान. श्री नितिन गडकरी जी
6 मान. श्री मनसुख मांडविया जी
7 श्री योगी आदित्यनाथ जी
8 श्री हिमंता बिस्वा शर्मा जी
9 श्री प्रमोद सावंत जी
10 श्री ओमप्रकाश माथुर जी
11 श्री अर्जुन मुंडा जी
12 श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी
13 श्रीमती स्मृति ईरानी जी
14 श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी
15 श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी
16 श्री रामेश्वर तेली जी
17 श्री देवेन्द्र फडणवीस जी
18 श्री बाबूलाल मरांडी जी
19 श्री रविशंकर प्रसाद जी
20 श्री रघुवर दास जी
21 श्री अरुण साव जी
22 श्री विरेन्द्र सिंह जी
23 डॉ. रमन सिंह जी
24 सुश्री सरोज पांडे जी
25 श्री अजय जम्वाल जी
26 श्री नितिन नबीन जी
27 श्री पवन साय जी
28 श्री नारायण चंदेल जी
29 श्री संतोष पांडेय जी
30 श्री गुहाराम अजगल्ले जी
31 गुरु बालदास साहेब जी
32 श्री मनोज तिवारी जी
33 श्री नित्यानंद राय जी
34 श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
35 श्री रविकिशन जी
36 श्री केशव प्रसाद मौर्य जी
37 श्री रामसेवक पैंकरा जी
38 सुश्री लता उसेंडी
39 श्री चंदूलाल साहू जी
40 श्री सतपाल महाराज जी

# आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने नामांकन के पूर्व मंदिर दर्शन किया

दंतेवाड़ा। आगामी छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा निर्वाचन के लिए द्वितीय नामांकन प्रति भरने के पूर्व आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी बल्लू राम भवानी ने माता दंतेश्वरी मंदिर में जाकर माता दंतेश्वरी का दर्शन कर विजय श्री का आशीर्वाद लिया। श्री बल्लू राम भवानी द्वारा मंदिर दर्शन के उपरांत वहां उपस्थित विभिन्न ग्राम प्रमुख माटी पुजारी तथा देव गुड्डी पुजारीयों से भी ग्राम परंपरा के अनुसार ग्राम परंपरा के अनुसार आशीर्वाद लिया।





*बल्लू राम भवानी द्वारा आज प्रात: श्री घूमर गुंडा आश्रम ग्राम घूमरगुंडा में भी जाकर मंदिर में पूजा अर्चना की यह शिव मंदिर स्वामी चिन्मयानंद जी के शैव अध्यात्म को समर्पित उनके शिष्य स्वर्गीय के द्वारा स्थापित है जो की मूलत ग्राम कारली जिला दंतेवाड़ा के निवासी थे। इस मंदिर की उनके शिष्य तथा आध्यात्मिक समर्थक श्रद्धा से जुड़े हुए हैं ।*

# आरंग विधानसभा : भाजपा ने खुशवंत साहेब तो कांग्रेस ने विधायक शिव कुमार डहरिया के बीच होगी भिडंत

**रायपुर** । प्रदेश में विधानसभा चुनाव–2023 का शंखनाद हो चुका है। आचार संहिता भी प्रभावी हो गई है। आरंग विधानसभा सीट के भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी अपना प्रत्याशी तय कर दिया है। भाजपा ने युवा पर तो कांग्रेस ने अनुभव पर दांव लगाया है। कांग्रेस ने वर्तमान विधायक शिव कुमार डहरिया (59) को टिकट दिया है। भाजपा पहले ही सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के 29 वर्षीय बेटे खुशवंत साहेब को टिकट दे चुकी है।

इस सीट की खासियत यह रही है कि राज्य बनने के बाद यहां से कोई भी दोबारा विधायक चुनकर नहीं आया है। आरंग विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने हर बार नए चेहरे को मौका दिया है। यह सीट 2008 में रायपुर टाउन विधानसभा क्षेत्र के ध्वस्त होने के बाद बनी। सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। जोगी सरकार के समय भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले आरंग विधायक गंगूराम बघेल मंत्री बने थे, लेकिन अगले चुनाव में मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। आरंग से गंगूराम वर्ष–1993 और 1998 में दो बार विधायक चुने गए थे। वर्ष– 2003 में भाजपा के संजय ढीढी ने गंगूराम को हराया था। वर्ष– 2008 में कांग्रेस से गुरु रुद्र कुमार जीते थे। इसके बाद वर्ष–2013 विधानभा चुनाव में भाजपा के नवीन मारकंडेय ने जीत दर्ज की थी। वर्ष– 2018 में आरंग विधानसभा से भाजपा ने संजय ढीढी को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उन्हें शिवकुमार डहरिया से हार का सामना करना पड़ा।

### तय माना जा रहा था टिकट

आरंग विधानसभा से शिव कुमार डहरिया का टिकट तय माना जा रहा था, जिस पर अब मुहर भी लग गई है। बताया जाता है कि जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस समिति को टिकट के लिए एकल नाम भेजा था। कांग्रेस की सर्वे सूची में भी शिव डहरिया की परफमेंस बेहतर मिली थी।

### साफ–सफाई, रोजगार और पेयजल बड़ा मुद्दा

**आरंग विधानसभा क्षेत्र में आज भी साफ-सफाई बड़ा मुद्दा है। संकरी गलियों का विकास, आवास, पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। सब्जी बाजार की व्यवस्था भी नहीं है, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब है। अच्छी शिक्षा और रोजगार का मुद्दा भी छाया हुआ है।**

## एक नजर

### 21 अक्टूबर को होगी मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स ट्रेनिंग

**जगदलपुर।** जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर और समस्त नोडल अधिकारी निर्वाचन के लिये 21 अक्टूबर 2023 दिन शनिवार को प्रात: 11 बजे से मतदान के दौरान मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल कुम्हरावण्ड जगदलपुर में राज्य के मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्धारित तिथि,समय एवं स्थान में अनिवार्यत: उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### 25 अक्टूबर को होगी ईव्हीएम-व्हीव्हीपेट कमिशनिंग ट्रेनिंग

**जगदलपुर।** जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं ईव्हीएम–व्हीव्हीपेट कमिशनिंग कार्य हेतु नियुक्त अधिकारी–कर्मचारियों को जिला स्तर पर 25 अक्टूबर 2023 दिन बुधवार को प्रात: 11 बजे से कमीशनिंग विषय पर प्रशिक्षण जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में सभी सम्बन्धित अधिकारी–कर्मचारियों को निर्धारित तिथि,समय एवं स्थान में अनिवार्यत: उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023

### विधानसभा सामान्य निर्वाचन हेतु सामान्य व व्यय निर्वाचन प्रेक्षक की नियुक्ति

प्रेक्षकों का जिला निर्वाचन अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया स्वागत

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 हेतु जिला बस्तर के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 85–बस्तर (अजजा) 86– जगदलपुर, 87–चित्रकोट (अजजा) के लिए सामान्य व व्यय निर्वाचन प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–85 बस्तर के लिए श्री आरएच ठाकरे (7587016494), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–86 जगदलपुर के लिए श्री सुब्रत गुप्ता (7587016495), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 87 चित्रकोट के लिए श्री सुदेश कुमार मोखटा (7587016496), व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन (7587016498) और सुरक्षा व्यवस्था प्रेक्षक श्री क्ले खोंगसाई को दायित्व दिया गया है। निर्वाचन हेतु पहुँचे प्रेक्षकों का गुरुवार को सर्किट हाउस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल भी उपस्थित थे।

### कलेक्टर मलिक ने ओड़िशा राज्य से लगे अंतर्राज्यीय सीमा लारीपुर और धोड़कसा चेक पोस्ट का रात्रि में किया औचक निरीक्षण

**महासमुंद** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक मंगलवार रात्रि लगभग 8 बजे बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओड़िशा राज्य से लगे लारीपुर और धोड़कसा अंतर्राज्यीय सीमा पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रेम साहू, पिथौरा एसडीएम श्री रविराज ठाकुर सहित आला अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मलिक ने चेक पोस्ट में तैनात कर्मियों से जानकारी ली और कहा कि चेक पोस्ट से किसी भी तरह की अवैध वस्तुओं की परिवहन ना हो और यहां से गुजरने वाले संदिग्ध व अवैध वस्तुओं की सघनता से जांच किया जाए तथा पंजी में संधारित किया जाए। उन्होंने यहां पर नियुक्त स्थैतिक टीम से भी जानकारी ली। यहां तैनात कर्मियों को 24 घंटे निगरानी करने के निर्देश दिए है। इस दौरान यहां मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर जानकारी ली। ज्ञात है कि जिले में 21 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जिसमें 24 घंटे चेक करने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ज्ञात है कि आचार संहिता लगने के पश्चात सभी चेक पोस्ट में सघनता से चेकिंग किया जा रहा है।

जिससे अवैध शराब और राशि भी जप्त किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए किसी भी संदेहास्पद और गैर कानूनी गतिविधियों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में चेक पोस्टों पर लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए है। सभी रिटर्निंग अधिकारियों को विशेषकर रात्रि के दौरान सघनता से चेक करने कहा है। जिसके परिपालन में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर श्री उमेश साहू ने देर रात रायपुर महासमुंद सीमा पर घोड़ारी चेक पोस्ट में कई वाहनों की चेकिंग की। साथ ही खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में चेक पोस्ट खट्टी, टेमरी में भी देर रात चेक कर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली।

# बच्चों ने माता–पिता से लिया वचन पत्र, कहा वोट डालने जरूर जाना

जोहार छत्तीसगढ़–
सूरजपुर।




17 नवंबर को संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप प्लान के तहत कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं और वोटर्स को जागरूक कर मतदान करने कहा जा रहा है। जिले के मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ललित राम पटेल के निर्देशन तथा बीईओ पंडित भारद्वाज एवं एबीईईओ मनोज साहू के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के तहत शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली के समस्त बच्चों कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं तक के लगभग 250 माता–पिता, परिवार रिश्तेदार के बुजुर्ग व अन्य मतदाता सदस्यों को वचन पत्र लिखकर अनिवार्य रूप से मतदान करने अनुरोध किया गया। पत्र के माध्यम से वचन लिया कि मैं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 प्रेमनगर में 17 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन के लिए स्वयं उपस्थित होकर मतदान अवश्य करूंगा।

शिक्षक ने छात्र–छात्राओं को मतदान के महत्व को समझाया गया। बच्चों ने अपने माता.पिता व परिजनों से वचन पत्र लिखवाया। शिक्षक योगेश कुमार साहू ने बताया कि पत्रों को छात्र–छात्राएं अपने साथ घर पर लेकर गए है। इन पत्रों पर अपने पालकों से सहमति स्वरूप हस्ताक्षर कराकर 19 अक्टूबर को विद्यालय में वापस लौटाए। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन 17 नवंबर को छात्र–छात्राएं अपने पालकों को मतदान के लिए मतदान केंद्र तक लेकर आएंगे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक बीआर हितकर, महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, कृष्ण कुमार यादव, रघुराज जायसवाल, सरिता सिंह एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# खड़ी ट्रेलर से जा टकराई पिकअप, बारह घायल, घायलों को किया गया सिम्स रिफर


जोहार छत्तीसगढ़ –
रतनपुर।

### चैतुरगढ से मातारानी के दर्शन कर लौट रहे दर्शनार्थीयो से भरी पिकअप खड़ी ट्रेलर से जा टकराई, जिसमें दर्जन भर लोग घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा के बाद सिम्स रेफर किया गया








मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर धुरुअमेरी में रहने वाले गुरुनाम सिंह अपने परिचितों को लेकर नवरात्रि के पंचमी की सुबह पिकअप सीजी 10 ए वाई 5562 से चैतुरगढ मातारानी के दर्शन पूजन को गए थे ड्राइवर सहित कुल 22 लोग पिकअप में सवार थे, वहां दर्शन उपरांत शाम को लौटते वक्त ह ॥ 130 रतनपुर बाय पास में खड़ी ट्रेलर जे ए 09 बी सी 2973 से उनका पिकअप जा टकराई ,जिससे पिकअप में सवार 12 लोंगो को गम्भीर रूप से चोटें आई हैं जिन्हें रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया,वहाँ पदस्थ प्रभारी डॉ विजय चन्देल ने ततपरता दिखाते हुए सभी घायलों का प्रारम्भिक उपचार करते हुए 12 लोगों को सिम्स रिफर किया गया वही शेष बचे लोंगो का उपचार रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है जिसमें 6 बच्चे थे, अच्छी बात है कि किसी भी बच्चे को चोटे नहीं आई है

जैसे ही घटना की जानकारी सीएमएचओ राजेश शुक्ला को मिली, वे आनन फानन में रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर दुर्घटना ग्रस्त लोंगो की जानकारी लेते हुए,उन्हें उचित चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करने में जुट गए

### ये हुए सिम्स रिफर

गुरनाम सिंह उम्र 40 वर्ष,मंजीता कुर्रे 30 वर्ष

पूर्णिमा कुर्रे 35 वर्ष,लकवा टंडन 45 वर्ष,सीता कुर्रे 25 वर्ष,सजना कुर्रे 18 वर्ष,सुख बाई 55 वर्ष इत्यादि शामिल है,

# एक प्रत्याशी के रूप में रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन देकर कलेक्टर ने परखी तैयारी

## नाम-निर्देशन कक्ष, व्यय लेखा कक्ष, एमसीएमसी तथा वीडियो अवलोकन कक्ष का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





**समाचार, पेड न्यूज, टीवी और वेब पोर्टल न्यूज में प्रसारित समाचारों की रिपोर्ट भी देखी**

**निर्धारित फॉर्मेट में रिपोर्ट बनाकर व्यय लेखा टीम को भेजने के दिए निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आज विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्धारित नाम-निर्देशन हेतु निर्धारित कक्ष रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी को प्रत्याशी के रूप में आवेदन देकर और कार्य में लगे सहायक अधिकारियों कर्मचारियों से सवाल कर निर्वाचन की तैयारियों को परखा। इस दौरान उन्होंने नाम-निर्देशन कक्ष में आवेदन जमा करने के दौरान प्रत्याशियों और आरओ के बीच सुविधाजनक दूरी निर्धारित करने, सहयोगी कर्मचारियों द्वारा निर्धारित रजिस्टर का संधारण करने तथा प्रस्तावकों के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। कोरबा जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली तानाखार में निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। कलेक्ट्रेट में सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामांकन के लिए अलग-अलग कक्ष निर्धारित किए गए हैं। रामपुर, कोरबा और पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र का नामांकन कलेक्ट्रेट के भू-तल में और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र का नामांकन कलेक्ट्रेट के प्रथम तल में निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने नाम.निर्देशन कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सहयोग हेतु अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था एवं उनके कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और प्रस्तावकों को दी जाने वाली जानकारी तथा उनसे आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को स्वयं जांच कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने चारों विधानसभा क्षेत्र के व्यय अवलोकन टीम के कक्ष का भी अवलोकन किया और प्रत्याशियों द्वारा व्यय संबंधी जानकारी को रजिस्टर में संधारण करने संबंधी जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जीएसटी भवन में वीडियो अवलोकन कक्ष और मीडिया अनुप्रमाणन और अनुवीक्षण कक्ष का अवलोकन किया। कलेक्टर ने यहां फ्लाईंग स्क्वॉड सहित अन्य टीम द्वारा की जाने वाली वीडियोग्राफी का वीडियो समय पर अपलोड कराने और प्रत्याशियों द्वारा किए गए खर्च आदि की जांच कर व्यय टीम को प्रेषित करने संबंधी निर्देश दिए। इसी तरह एमसीएमसी टीम द्वारा प्रतिदिन जिले के अखबारों, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित एवं प्रकाशित प्रत्याशियों के समाचार, पेड न्यूज, विज्ञापन आदि पर पारखी नजर रखने तथा रिपोर्ट बनाकर अपने प्रभारी अधिकारियों को अग्रेषित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाम.निर्देशन प्रक्रिया से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर से 100 मीटर की दूरी पर बैरिकेडिंग, चेकपोस्ट, पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियों कर्मचारियों के आने-जाने की व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू,दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उपस्थित थे। इससे अपर कलेक्टर, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जांगड़े ने तैयारी को लेकर निरीक्षण किया।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मतदाता जागरूकता के स्वीप मैराथन सुपर रील्स एवं शार्ट वीडियो प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया




जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मतदाताओं को जागरुक करने हेतु स्वीप मैराथन, सुपर रील्स एवं शार्ट वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उक्त प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के द्वारा पुरुस्कृत किया गया एवं साथ ही उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन में भी स्वीप अंतर्गत ऐसे ही मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में होने वाले आयोजनों में रचनात्मक ढंग से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज एवं स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

## ये प्रतिभागी हुए सम्मानित

स्वीप मैराथन प्रतियोगिता पुरूष वर्ग ओपन दौड़ में प्रथम स्थान पर किशन लाल कोसरिया, द्वितीय स्थान पर अजय मनहर एवं तृतीय स्थान पर इन्द्रजीत रहे। पुरूष वर्ग स्कूल से तीनों स्थान सेंट थामस स्कूल सारंगढ़ के छात्रों ने जीत हासिल किया थाए जिनमें प्रथम स्थान पर सेमोन लकड़ा, द्वितीय स्थान पर रोशन कौशिक, तृतीय स्थान पर जयप्रकाश रहे। महिला वर्ग ओपन में झरना साहू, द्वितीन स्थान पर अमृता टंडन विजयी हुई। महिला वर्ग स्कूल से लीना साहू ने प्रथम, पिंकी रात्रे ने द्वितीय एवं रोशनी सिदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉर्ट वीडियो और सुपर रील्स प्रतियोगिता अंतर्गत शॉर्ट वीडियो श्रेणी में रूकमणी जांगड़े प्रथम, बिहान चौहान द्वितीय एवं संदीप जोल्हे तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में सुपर रील्स प्रतियोगिता में संदीप जोल्हे प्रथम, उदय जायसवाल द्वितीय एवं जयलक्ष्मी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




सर्वमंगला मंदिर प्रांगण में निकला साप

# साप को देखने के लिए लगी भिड़, जितेंद्र सारथी ने किया रेस्क्यू

**कोरबा ।** कोरबा जिले में लगातार साप निकलने की घटना सामने आ रही हैएजिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लगातार साप निकलने की जानकारी सामने आते रहती हैंए हाल ही के कुछ दिनों में जिले के वरिष्ट अधिकारियों के घरों के साथ शहर के प्रतिष्ठित जगहों में साप निकलने की घटना सामने आई हैं फिर एक बार जिले के आस्था के रुप में विराजमान मां सर्वमंगला मंदिर के प्रांगण में आरती उपाधाय नामक महिला को नारियल दुकान में एक साप घुसता हुआ दिखाई जिसके बाद वो लोग डर से दूर खड़े हो गएए प्रत्यक्ष दर्शी लोगों का कहना था साप छोटा हैं और जहरीला हैं जिसके कारण किसी की हिम्मत नहीं हुई साप के पास जाकर देखने कीए नवरात्रि का चौथा दिन था लिहाजा लोगों की भिड़ लगी हुई थींए

किसी अनहोनी की आशंका से रेस्क्यू टीम को सूचना देना ही उचित समझा जिसके फौरन बाद इसकी जानकारी वाइल्डलाइफरेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया हालात के नजाकत को भांपते हुए सारथी ने जल्दी ही पहुंचने की बात कही और साप पर नज़र रखने की बात कहीं फिर थोड़ी बाद मंदिर में पहोंच कर साप का रेस्क्यू किया गया और बताया यह जहरीला सांप नहीं हैं बल्की धमना का बच्चा हैं अक्सर लोग धोखा खा जाते हैंए फिर उसको रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया तब लोगों ने राहत भरी सास लिया और जितेंद्र सारथी और सौरव श्रीवास का धन्यवाद ज्ञापित किया फिर साप को नदी तरफ छोड़ दिया गया।

जितेंद्र सारथी ने बताया वाहा पर खड़े आधे से अधिक लोगों ने कहा यह साप जहरीला हैं जो की घोड़ा करैत हैंए इस बात से यह स्पष्ट है लोगों को सांपो की पहचान नहीं हैं और न हीं वास्तविक जानकारी हैंए जिसके कारण लोग बहुत डर जाते हैं।

# ओपी चौधरी का अधिवक्ताओं से वादा, रायगढ़ के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होगी

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर ओपी ने भरोसा दिलाया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



24 साल की कलेक्ट्री छोड़ कर राजनीति में आने वाले भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने अधिवक्ताओं से आज सौजन्य मुलाकात करते हुए भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा राजनीति के जरिए आम आदमी की सेवा करना चाहता हूं। विधानसभा चुनाव हेतु रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी के अधिकृत घोषणा के बाद ओपी पहली बार अधिवक्ताओं से मुलाकात करने न्यायालय पहुंचे। ओपी ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैर छुए एवं युवा अधिवक्ताओं से गले लग कर आशीर्वाद मांगा। प्रदेश यूथ आइकॉन ओपी चौधरी ने अधिवक्ताओं से अपने विद्यार्थी जीवन के सफ र से लेकर आईएएस बनने के बाद राजनीति में आने का मकसद साझा किया। अधिवक्ताओं ने ओपी चौधरी के समक्ष अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट बिल को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मेनफैस्टों में शामिल किए जाने की मांग रखी। जिस पर ओपी ने आश्वस्त करते हुए कहा यह मांग संज्ञान में आई है। घोषणा पत्र समिति के समक्ष इस मांग को रखा भी गया है। इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने की बात भी उन्होंने कही। चौधरी ने अधिवक्ताओं को समाज का महत्वपूर्ण वर्ग बताते हुए कहा अधिवक्ता गण समाज की दशा दिशा तय करते है। अधिवक्ताओं द्वारा कही गई बातों का समाज अनुशरण करता है। ओपी ने बताया उनका जीवन बहुत संघर्षो में पला बढ़ा ।साढ़े सात साल की उम्र में पिता का निधन हुआ चौथी क्लास तक पढ़ी मां का साथ था। गांव के सरकारी स्कूल में 12 वीं तक पढ़ा जहां हिन्दीए फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ के शिक्षक नहीं थे। ऐसी विषम परिस्थिति में 11 साल की उम्र में मां के साथ पेंशन नहीं मिलने की शिकायत करने आया तब रायगढ़ के तात्कालिक कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाते हुए पेंशन देने का निर्देश दिया। कलेक्टर के निर्देश पर कार्य हो गया तब मैंने कलेक्टर बनने का निर्णय लिया। इसी प्रांगण से कलेक्टर बनने का सपना देखते हुए मैं आगे बढ़ता गया और भारत में वन ऑफ द यंगेस्ट आईएएस एवं छत्तीसगढ़ का पहला आईएएस बना। 13 साल के प्रशासनिक जीवन से जुड़े संस्मरण भी साझा किए। रायगढ़ निवासी होने की वजह से यहां सेवा का अवसर नहीं मिला। पड़ोसी जिला जांजगीर में सीईओ जिला पंचायत रहा। नक्सल क्षेत्र दंतेवाड़ा का कलेक्टर बनने का निर्णय मैने स्वयं लिया। सरगुजा में जिला पंचायत सीईओ, बेमेतरा में एसडीएम राजधानी रायपुर के नगर निगम में 2 साल कमिश्नर एवं 3 साल कलेक्टर रहा। 13 सालों के कार्यकाल के दौरान मैंने को कुछ भी किया है यह मेरे कार्यों का प्रमाण है। राजधानी में 19 करोड़ की लागत से 10 महीने में ही लाइब्रेरी बनाई जो प्रदेश भर यूवाओ को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मददगार साबित हो रही। राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी लाईब्रेरी नहीं है। 6 एकड़ में ओपन रीडिंग जोन है जो कभी बंद नही होता। दंतेवाड़ा में बहुत से ऐसे प्रोजेक्ट हैं जिनका सीधा लाभ युवाओ विद्यार्थियों को आज भी मिल रहा है। 150 एकड़ में निर्मित एजुकेशन सिटी प्रोजेक्ट को विश्व की 100 श्रेष्ठ प्रोजेक्ट में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के साथ इस प्रोजेक्ट का अवलोकन करने भी आए थे। सात हजार बच्चों की क्षमता वाले इस प्रोजेक्ट ने समाज के गरीब लोगो के जीवन को आलोकित किया है। व्यक्ति के जीवन को बदलने का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा ही है। मेरे जीवन में भी बदलाव शिक्षा की वजह से आया। प्रशासनिक जीवन में भी मैने शिक्षा से जुड़े प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी और राजनैतिक जीवन मे भी मैं शिक्षा के लिए ही समर्पित रहूंगा। ताकि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुनहरा कर सके। रायगढ़ के युवाओं का डंका राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बजे। रायगढ़ वासी लंबे समय से प्रदूषण का दंश झेलते रहे। ट्रैफिक की समस्या स्थाई हो गई। आज तक रिंग रोड का नहीं बन पाना कही न कही कमजोर नेतृत्व का प्रमाण है। ओपी ने मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा में 6 सौ करोड़ की लागत से बनाए गए रिंग रोड का जिक्र भी किया। आने वाले 50 सालों तक वहां ट्रैफिक की कोई समस्या नहीं होगी। कांग्रेस के पांच सालों का हिसाब देने की चुटकी लेते हुए हुए ओपी ने कहा आस पास कोई इंजीनियरिंग कॉलेज नही है। जिले की एक मात्र केआईटी में तालाबंदी की स्थिति है। आस पास जशपुर, जांजगीर, शक्ति, महासमुंद सारंगढ़ जिले में कोई इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं है। जिले का एकमात्र केआईटी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा। ओपी ने अधिवक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हुए कहा रायगढ़ के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होगी।

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा का चुनाव प्रसार जनसंपर्क अभियान जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




विगत एक सप्ताह से जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 के भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा द्वारा प्रत्येक दिन 5 से 7 गांव में जा जाकर गांव में जाकर लोगों से संपर्क कर चुनाव प्रचार प्रसार कर रहे हैं उनसे आशीर्वाद लेने का सिलसिला लगातार जारी है। चंद्रा 19 अक्टूबर को जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजुरानी, खामहरडीह,मुरलीडीह करौंवाडीह पहुंचकर ग्रामवासियों से संपर्क कर भाजपा की योजनाओं को गिनाकर इस बार भाजपा को जीतने की अपील किया। चंद्रा ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और इस परिवर्तन से पर्यावरण संतुलन बना रहता है। ऐसे ही आप सभी को जैजैपुर क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। इस बार भाजपा पार्टी को आप सभी को एक मौका दिया जाना चाहिए। आगे कहा भाजपा ही एक मात्र ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है जो देशए प्रदेश सहित क्षेत्र का विकास कर सकती हैं। जैजैपुर में जितने भी विकास में कार्य हुए हैं वह सब बीजेपी पार्टी के ही देन है। कांग्रेस सरकार की कार्यकाल में और बहुजन समाज पार्टी के विधायक द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए कुछ खास नहीं किया गए हैं। भाजपा नरेंद्र मोदी द्वारा क्षेत्र की गरीब जनता को पीएम आवास दे रही है। किसानों को पेंशन दिया जा रहा है वहीं महिलाओं को उज्जवला गैस, प्रत्येक घर शौचालय, नल जल के तहत पानी सहित कई जन हित योजना बनाया गया है पर इन तमाम योजनाओं का लाभ से क्षेत्रवासी वंचित हो गए हैं, जिसका मुख्य कारण है इस क्षेत्र में अन्य पार्टी का विधायक होना और प्रदेश में भ्रष्टाचार कांग्रेस की भूपेश सरकार का होना है। दोनों अलग-अलग पार्टी से होने के कारण इन दोनों में कभी तालमेल नहीं बैठ पाता जिस वजह से क्षेत्र में विकास कार्य अवरुद्ध हो गया है। ऐसे में इस क्षेत्र में भाजपा का कमल लिखालना अति आवश्यक प्रतित होता है। चंद्रा द्वारा ग्रामवासियों को भाजपा को जीतने का अपील किया वही ग्रामवासियों ने भी उनकी उनको जीत के लिए आशीवार्द दिया।

## सैकड़ों बसपा कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा दामन

*भाजपा पार्टी की रीति नीति और कृष्णकांत चंद्रा जैसे दमदार, अनुभवी नेता को जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से खुश जैजैपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पिहरीद के सैकड़ों बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिनांक 19 अक्टूबर को भाजपा पार्टी में प्रवेश किया। सभी नव सदस्यों को घमझा देखकर उन्हें सदस्यता दिलाया गया। निश्चित रूप से इससे बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका खटका लगा होगा। क्योंकि यह कहा जाता है कि इस पिहरीद गांव से एक तरफा वोट बीएसपी मिलता था, पर अब परिस्थित कुछ ऐसे बन गए है कि यह बीएसपी को वोट मिलना भी मुश्किल है ।*

# भाजपा सरकार में जशपुरवासियों को मिलती थी मनचाही विकास की सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी,जशपुर विधानसभा क्षेत्र में नामाकंन से पहले,अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने के लिए ताकत झोंक रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को सन्ना में भारतीय जनता पार्टी ने मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पार्टी के विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल के साथ पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव,पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय,विधानसभा प्रत्याशी रायमुनि भगत,संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा,जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता,यश प्रताप सिंह जूदेव विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे अतिथियों का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बाजा और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। बैठक में विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल ने सन्ना मंडल के कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर,मैदान में उतरने की अपील की। उन्होनें कहा कि जशपुर,दिलीप सिंह जूदेव की कर्मभूमि है। उन्होनें विषम परिस्थितियों से जुझते हुए,जशपुर की पावन धरना में भाजपा को स्थापित किया। उनका सपना विकसीत जशपुर का था। इस सपने का सिर्फभाजपा ही पूरा कर सकती है। उन्होनें कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच साल के कार्यकाल में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से सन्ना सहित पूरा प्रदेश,विकास के मामले मे सालों पीछे जा चुका है। जिन जनहितकारी योजनाओं को भाजपा सरकार ने शुरू किया था। उसे कांग्रेस ठंडे बस्ते में डाल चुकी है। रणविजय प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है। जशपुर जिले में अशांति का महौल बनने लगा है। उन्होनें कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जशपुर ही सबसे बड़ा मुद्दा है और पार्टी कार्यकर्ताओं को,जशपुर के लिए एकजुट होकर,काम करना है। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए,प्रदेशवासियों से केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्यांश को रोक कर,सरकार ने करोड़ों गरीबों के सिर से छत का अधिकार छिना है। इसका हिसाब,कांग्रेस को देना होगा। जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष और जशपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रायमुनि भगत ने कहा कि जशपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा ने आदिवासी बेटी को विधानसभा में भेजने का निर्णय लिया है। ताकि क्षेत्र की समस्या और विकास की मांग को विधानसभा और सरकार के सामने पूरी ताकत से उठाया जा सके। और सन्ना सहित पूरे जशपुर को सड़क,पानी,बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं के लिए भटकना ना पड़े। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि सन्ना मण्डल की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जशपुर विधानसभा प्रत्याशी रायमुनी भगत, विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, गोपाल राय, युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव, डीडीसी गेंदबिहारी सिंह, केशव यादव, मंगल राम भगत, रामस्वरूप यादव, सुरेन्द्र भगत, रामनारायण यादव, अरविंद भगत, समीउल्लाह सिद्दीकी, आशु राय, दीपू मिश्रा, राहुल गुप्ता, पंकज गुप्ता, काजल राय, बलवंत गुप्ता, जितेंद्र ताम्रकार,रिशु केशरी, नसरुल्लाह सिद्दीकी, इलियास अंसारी, चंदन गुप्ता, अरविंद कुजूर, रामवृक्ष भगत, भागीरथी प्रधान, बूढ़ेश्वर राम, सितन राम, राजेन राम, सुशील राम, हलीम खान सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## फुकरे 3 की कमाई 100 करोड़ रुपये के और करीब पहुंची




बॉलीवुड की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइजी फुकरे की तीसरी किस्त फुकरे 3 की कहानी और तमाम कलाकारों की अदाकारी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।इसने अपने साथ रिलीज हुई बाकी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।

फिल्म की रिलीज का यह तीसरा हफ्ता चल रहा है और यह अभी भी अपनी पकड़ बनाए हुए है।हालांकि, सोमवार को फुकरे 3 की कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई है और इसका कारोबार लाखों में सिमट गया है। फुकरे 3 की कमाई के 19वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को 85 लाख रुपये कमाए हैं और अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 91.68 करोड़ रुपये हो गया है।

## बिग बॉस 17 से नॉमिनेट होने के बाद फूट-फूटकर रोने लगीं मन्नारा चोपड़ा



बिग बॉस 17 के पहले एपिसोड में एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा, जो घर की पहली कंटेस्टेंट थीं, नॉमिनेट हो गई हैं, जिसके चलते वह रोने लगीं। बिग बॉस ने घर के पहले नॉमिनेशन की घोषणा की और घर के सदस्यों से एक कंटेस्टेंट का नाम बताने को कहा, जो उनके अनुसार घर से बेघर होना चाहिए।

ऐश्वर्या शर्मा, विक्की जैन, ईशा मालविया और कई अन्य लोगों ने मन्नारा का नाम लिया और उन्हें अनसेफ जोन में भेज दिया।

इससे एक्ट्रेस को झटका लगा, उन्होंने खुलासा किया कि जिन लोगों ने उन्हें नॉमिनेट किया है, वे बस चेहरे के सामने अच्छे हैं। मन्नारा ने कहा, ये लोग मेरे सामने तो बहुत अच्छे हैं और अब मुझे नॉमिनेट कर रहे हैं, कम से कम विक्की से तो ये उम्मीद नहीं थी। मेरे चेहरे के सामने वह हमेशा मेरे साथ अच्छा व्यवहार करता हैं।

## जाह्नवी कपूर ने रिवीलिंग थाई स्लिट ड्रेस पहन कराया हॉट फोटोशूट

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बी-टाउन की ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो आए दिन अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने एक इवेंट में शिरकत की थी। जहां उनके बोल्ड ड्रेसिंग सेंस को देखकर लोगों ने उन्हें काइली जेनर तो कभी भारत की किम कार्दशियन कहते हुए ट्रोल करना शुरू कर दिया है।

*धड़क फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काफी कम समय में अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इवेंट के दौरान बेहद ही स्टाइलिश और रिवीलिंग थाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। जाह्नवी कपूर के इस लुक को देखकर लोगों ने उन्हें एक बार फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। बता दें कि एक्ट्रेस अपने ड्रेसिंग के चलते लोगों के बीच काफी लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हालांकि कुछ लोग उनके ग्लैमरस अंदाज और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस की तारीफ करते हैं। वहीं कुछ नेटिजन्स उनकी खिचाई करना भी शुरू कर देते हैं। जाह्नवी कपूर की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- लाइट काइली जेनर तो वहीं दूसरे ने लिखा है- भारत की किम कार्दशियन। वहीं कुछ नेटिजन्स को उनका ये लुक काफी पसंद भी आ रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- यार ये कितनी हॉट है। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस।*



## टाइगर 3 से सामने आया इमरान हाशमी का विलेन लुक, एक्टर का खूंखार अवतार देख दंग रह जायेंगे आप



टाइगर 3 इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. कैटरीना कैफ, सलमान खान और इमरान हाशमी अभिनीत, मनीष शर्मा डायरेक्टेड फिल्म 16 अक्टूबर को फिल्म का एक दिलचस्प ट्रेलर जारी करने के बाद जबरदस्त चर्चा में है. जिससे फैंस को मोस्ट अवेटेड फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी मिल गई है. फैंस जल्द ही फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया गया है जिसमें इमरान एक शानदार लुक में नजर आ रहे हैं.

फिल्म मेकर ने कल ट्रेलर रिलीज होने के तुरंत बाद सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के साथ फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया. जहां फैंस तीनों की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वहीं अब मेकर ने सोशल मीडिया पर एक और पोस्टर डाला है, जिसमें इमरान को खलनायक के रूप में दिखाया गया है. हाथ में बंदूक और चेहरे पर इंटेंस इम्पैक्ट के साथ, पोस्टर फैंस के बीच एक्साइटमेंट जगा रहा है.

वह फिल्म में आतिश नाम के वीलेन की भूमिका निभाते नजर आएंगे.

सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर एक दिन पहले यानी कल रिलीज हुआ है. ट्रेलर में सुपरस्टार सलमान खान ने धमाकेदार एंट्री की है. वहीं वंडर वुमेन कैटरीना कैफ भी अपने एक्शन अवतार से फैंस को इम्प्रेस कर रही हैं।

## सालार से पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट, वर्धाराज मन्नार के रूप में आएंगे नजर




'प्रभास' की मच अवेटेड फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं। 'सालार' के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं।

## करीना कपूर की द बकिंघम मर्डर का पहला पोस्टर जारी, कुछ ऐसी होगी फिल्म की कहानी




बेबो के नाम से मशहूर एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने शानदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। करीना को आप सबने अब तक पू से लेकर गीत तक के किरदार में देखा है, जिसमें वो बबली लड़की बनकर लोगों को खूब एंटरटेन करती हुई नजर आई थीं। लेकिन अब करीना अपनी अपकमिंग फिल्म द बकिंगम मर्डर्स में अब तक के सबसे अलग किरदार में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें करीना के लुक ने फैंस के होश उड़ा दिए हैं। सामने आए पोस्टर में करीना बेहद गुस्से में पुलिसकर्मियों से जूझती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर में करीना का ये लुक देखकर फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। यह फिल्म नेटफ्लक्सि पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाहिद और स्कैम 1992 के डायरेक्टर हंसल मेहता ने संभाली है। एकता कपूर की ये मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म एकता कपूर के बालाजी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। इस फिल्म में करीना के साथ रणवीर बरार भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे। हंसल मेहता की द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर जस भामरा नाम का एक जासूस और मां का किरदार निभाते दिखाई देने वाली हैं, जिसे अपने बच्चे को खोने के बाद बकिंघमशायर में 10 वर्षीय बच्चे की हत्या की जांच करने का मौका मिलता है। रविवार को करीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए अपने किरदार के बारे में बताया था।

# खेल

## न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत

### अफगानिस्तान को 139 रन पर समेटा, फर्ग्यूसन और सैंटनर ने लिए 3-3 विकेट




**चेन्नई।** न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। टीम ने अफगानिस्तान को 149 रन से हराया। इस जीत से न्यूजीलैंड पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है, जबकि भारतीय टीम नंबर-2 पर है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर बुधवार को 289 रन का टारगेट चेज करने उतरी अफगानिस्तान की टीम 35वें ओवर में 139 रन पर ऑलआउट हो गई।

यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड की टीम ने एक समय 110 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान टॉम लैथम और ग्लेन फिलिप्स ने 144 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 288 रन पहुंचाया।

अफगाानिस्तान के तेज तर्रार ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज सिर्फ 11 रन बना सके। उन्हें मैट हेनरी ने बोल्ड कर दिया। सबसे ज्यादा 36 रन रहमत शाह ने बनाए। मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन ने 3-3 विकेट लिए।

### शाह-ओमरजई ने स्कोर 100 पार पहुंचाया

43 रन पर तीसरा विकेट गंवाने के बाद रहमत शाह और अजमतुल्लाह ओमरजई ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 70 बॉल पर 54 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप को ट्रेंट बोल्ट ने तोड़ा। उन्होंने ओमरजई को पवेलियन की राह दिखाई।



### पावरप्ले-1: अफगानिस्तानी ओपनर्स पवेलियन लौटे

289 रन का टारगेट चेज करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट पर 28 रन बनाए। इब्राहिम जादरान 14 और रहमानुल्लाह गुरबाज 11 रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी ने पावरप्ले में 68वां विकेट लिया है।




एक नजर

## फिलिप्स-लैथम की पार्टनरशिप से हारे अफगानी

### 5 कैच भी टपकाए, टॉप ऑर्डर बिखरा; न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान मैच का एनालिसिस



**चेन्नई ।** न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। टीम ने बुधवार को चेन्नई के मैदान पर अफगानिस्तान को 149 रन के अंतर से हराया।

कीवियों की इस जीत में कप्तान टॉम लैथम और ग्लेन फिलिप्स की साझेदारी ने अहम भूमिका निभाई। अहम मौकों पर कैच छोड़ना भी अफगानी टीम की हार का कारण बना। 289 रन का टारगेट चेज करते हुए अफगानिस्तान का बैटिंग ऑर्डर बिखर गया। आगे पढ़िए मैच के टर्निंग पॉइंट्स और एनालिसिस

### पहला: फिलिप्स-लैथम की पार्टनरशिप

पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने अच्छी शुरुआत के बाद 109-110 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, तब टीम का स्कोर 110/4 हो गया था। यहां से कप्तान टॉम लैथम ने ग्लेन फिलिप्स के साथ 153 बॉल पर 144 रन की पार्टनरशिप कर टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। बाद में मार्कचाप मैन ने मिचेल सैंटनर के साथ 7वें विकेट के लिए नाबाद 33 रनों की साझेदारी की।

### अफगानिस्तान के खराब फील्डिंग से कोच निराश

#### टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच कैच ड्राप किए



अफगानिस्तान के हेड कोच जॉनथन ट्रॉट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के दौरान खराब फील्डिंग के लिए निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि इससे विपक्षी टीम को मोमेंटम बनाने का मौका मिला। अफगान टीम ने बुधवार को खेले गए मैच में पांच कैच और एक स्टंपिंग का मौका गंवाया। ट्रॉट ने कहा, हमने दूसरे ओवर से ही कैच छोड़ना शुरू कर दिया था। हमने रचिन रवींद्र और विल यंग का कैच तब ड्राप किया, जब वे शून्य पर थे। इससे विपक्षी टीम को पारी बिल्ड करने का मौका मिला। मुझे लगता है कि अगर हम वो कैच ले लेते, तो हम अच्छी स्थिति में होते। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मैच के बाद अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी ने भी टीम के फील्डिंग पर चिंता जताई। हालांकि पांच कैच में से दो कैच खुद शाहिदी ने ही छोड़े थे।

कोहली इस वर्ल्ड कप के सबसे असरदार फील्डर

## ICC ने शुरुआती 13 दिन की रैंकिंग जारी की, रूट दूसरे और वॉर्नर तीसरे नंबर पर

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विराट कोहली को वर्ल्ड कप 2023 में अब तक का मोस्ट इम्पैक्टफुल फील्डर माना है। ICC के मुताबिक, टूर्नामेंट के पहले 13 दिनों में विराट कोहली ने फील्ड पर अपनी फील्डिंग से सबसे ज्याादा प्रभाव डाला है।




सभी टीमों के तीन ग्रुप मैचों के बाद ICC की ओर से फील्ड पर सबसे प्रभावी फील्डर्स की एक लिस्ट जारी की गई है, जिसमें कोहली टॉप पर हैं।

### कोहली ने फील्ड पर सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा

कोहली ने टूर्नामेंट में अब तक तीन कैच लिए हैं, जो न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर से 2 कम हैं, लेकिन फील्ड पर उन्होंने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा है। उन्हें ICC ने 22.30 की सबसे ज्यादा रेटिंग दी है। वहीं लिस्ट में इंग्लैंड के जो रूट दूसरे नंबर पर हैं, जिनके पास 21.73 रेटिंग पॉइंट्स है। रूट ने टूर्नामेंट में अब तक 4 कैच लपक लिए हैं।

लिस्ट में टॉप-10 में भारत, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के 2-2 खिलाड़ी हैं। जबकि रवींद्र जडेजा 11वें नंबर पर हैं।

BCCI ने WPL 2024 के रिटेंशन लिस्ट जारी की

## 5 टीमों ने कुल 60 प्लेयर्स को रिटेन किया, 29 को रिलीज किया

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के दूसरे सीजन के लिए रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी तर दी है। टाटा WPL 2024 सीजन के लिए पांच टीमों ने 21 विदेशी प्लेयर्स समेत कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। वहीं 29 खिलाड़ियों को इन टीमों ने रिलीज किया है। खिलाड़ियों को रिटेन-रिलीज करने लिए पांच फ्रेंचाइजी की विंडो 15 अक्टूबर, 2023 तक ही खुली थी।




### दिल्ली कैपिटल्स (DC)

रिटेन किए गए खिलाड़ी- एलीस केप्सी (इंग्लैंड), अरुंधति रेड्डी (भारत), जेमिमा रोड्रिग्ज (भारत), जेस जोनासेन (भारत), लौरा हैरिस, मारिजन कैप (साउथ अफ्रीका), मेग लेनिंग (ऑस्ट्रेलिया), मिन्नु मानी (भारत), पूनम यादव (भारत), शेफाली वर्मा (भारत), राधा यादव (भारत), शिखा पांडे (भारत), स्नेहा दीप्ति (भारत), तानिया भाटिया (भारत), तितास साधु (भारत)। रिलीज किए गए खिलाड़ी- अपर्णा मंडल (भारत), जसिया अख्तर (भारत), तारा नॉरिस*।

### गुजरात जायंट्स (त्रत्र)

रिटेन किए गए खिलाड़ी- एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया), दयालन हेमलता (भारत), हरलीन देओल (भारत), शबनम शकील (भारत), लॉरा वोल्वार्ट (साउथ अफ्रीका) स्नेह राणा (भारत), तनुजा कंवर (भारत)।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023

# सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में मतदाताओं को जागरूक करने प्रशिक्षण सह बैठक हुई आयोजित

## 01 लाख से अधिक स्वीप संगीनी मतदाताओं को करेंगे जागरूक, शत् प्रतिशत मतदान करने दिलाई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के द्वारा जश-प्रण मतदाता जागरूक अभियान के तहत् शत् प्रतिशत मतदान हेतु स्व सहायता समूह को जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने के लिए कहा है।



जिसके परिपालन में जिले की 13 हजार स्व सहायता समूह की महिलाओं से लगभग एक लाख से अधिक महिलाएं स्व.प्रेरित होकर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके मतदाताओं को जागरूक करेंगें। जश.प्रण मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 2023 के विधान सभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक हेतु ग्रामों में महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित करने के संबध में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्वीप के नोडल अधिकारी संबित मिश्रा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जिले के स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी पीआरपी उपस्थित थे। सीईओ मिश्रा ने इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों को सबसे पहले स्वीप का अर्थ समझाते हुए सभी को मतदान की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी को मतदान प्रक्रिया को समझाने के लिए ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियां का आयोजन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। ताकि लोगों की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई गतिविधियों का सुझाव भी दिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना, ग्राम स्तर पर ग्रामवासियों के बीच चुनाव संवाद आयोजित करके मतदान के महत्व पर चर्चा करना। ग्राम में चुनाव पर पोस्टर और पैम्फ लेट डिजाइन करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने, इसके साथ ही ग्राम में मतदान के महत्व को बताने वाले पोस्टर दिवालों में बनवाकर प्रसारित कर जागरूकता बढ़ाने जैसी गतिविधियां शामिल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा यह प्रयास किया जावे कि ग्राम के प्रत्येक घर में मतदान जागरूकता संबंधी एक नारा अवश्य लिखा जावे ताकि ग्रामवासी मतदान के प्रति जागरूक हो। उन्होने बताया कि ग्रामवासियों को मतदान के महत्व को समझाने के लिए नाटक आयोजित कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामवासियों के समक्ष मतदान के नियमों की व्याख्या करें एवं मतदान करने की प्रक्रिया बताएं। समाज के वरिष्ठजनो से व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करने के लिए आंमत्रित करे और लोगों को आम लोगों की मतदान से संबंधित कहानियॉ सुनवाये। मिश्रा ने कहा कि ग्राम स्तर पर ग्रामवासियों की मतदान जागरूकता रैली आयोजित करें। प्रभात फेरी भी निकालें जिसमें मतदान जागरूकता से संबंधित नारे लिए तख्तियां भी साथ में रहे।



ग्रामवासियों को मतदान से संबंधित लक्ष्य को पूरा करने के लिए और भी अन्य गतिविधियॉ आयोजित करें जैसे रंगोली बनाना, मेहंदी प्रतियोगिता आदि का आयोजन कर अपने स्तर से पुरस्कृत भी करे। बैठक में लोगों को नोटा की जानकारी भी मतदाताओं को देने की बात कही गई। जिले के मतदाता जो किसी कारण वर्तमान में बाहर है उन्हें मतदान दिवस को मतदान अवश्य करने हेतु बुलाने हेतु फ ोन से अथवा पत्र के माध्यम से आंमत्रित करने को कहा गया। बैठक में कहा गया कि लोगों से संवाद करे और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें। उन्होंने ग्रामवासियों को प्रेरित करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने 14 लीटर जप्त किया शराब

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार सिन्हा के दिशा.निर्देश में विगत् दिवस 17 अक्टूबर को फरसाबहार विकासखण्ड के कोतबा क्षेत्रांतर्गत् ग्राम गोलियागढ़ एवं पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम लुड़ेग के मकानों से 14 लीटर शराब जप्त किया गया और छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण कायम कर कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक सोनल अग्रवाल, आबकारी मुख्य आरक्षक मनोहर लाल कहार, आबकारी आरक्षक कृनेश सिन्हा, छक्केलाल गुप्ता, जुगल किशोर पटेल और नगर सैनिक लोकेश पैंकरा एवं मंजीत महेश्वरी शामिल थे।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

### नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 21 से 30 अक्टूबर तक

17 नवम्बर को मतदान तथा मतगणना 3 दिसम्बर को होगी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए आम चुनाव की अनुसूची जारी की गई है। जिसके अनुसार जशपुर जिले के तीनों विधानसभा में द्वितीय चरण में 17 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने हेतु द्वितीय चरण की तिथि 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 31 अक्टूबर तथा अभ्यर्थीयों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 03 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

### कलेक्टर ने पीएचसी दोकड़ा के चिकित्सा अधिकारी को किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सी. सेक्शन प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु कांसाबेल विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. निलेश कुमार खलखो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. निलेश कुमार खलखो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र दुलदुला में डिलीवरी सिजेरियन प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिस हेतु कलेक्टर ने डॉ. खलखो को प्रशस्ति पत्र कर सम्मानित किया है।

### कर्मा नृत्य में शामिल होकर मांदर बजाने लगे 81 वर्षीय ननकीराम कंवर

**कोरबा** । कोरबा जिले की रामपुर विधानसभा सीट से विधायक और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ननकीराम कंवर गांव-गांव घूम कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में जब वह ग्राम केसला पहुंचे तो वहां कर्मा नृत्य चल रहा था। वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर स्वयं को रोक नहीं सके और कर्मा नर्तकों के दल में शामिल होकर मांदर बजाने लग गए।

छत्तीसगढ़ के सबसे उम्र दराजए 81 वर्षीय भाजपा विधायक और रामपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी ननकीराम कंवर उम्र के इस पड़ाव में भी किसी युवा से कम नहीं हैं। वह घर के गोठान से लेकर खेत.खलिहान तक अभी भी शारीरिक परिश्रम करते देखे जाते हैं। वह पैदल चलते हैं तो उनके साथ चल रहे युवाओं को पसीना आ जाता है। वे मिलों दूर तक जंगल के भीतर और पहाड़ियों में पैदल चलकर लोगों तक पहुंचते हैं।

पुजारी ने शरीर में की ज्वारा की बुआई

## राजग्वालिन दाई मंदिर में माता के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास का अद्भुत नजारा

**कोरबा** । शारदीय नवरात्र पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है । लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में माथा टेक रहे हैं। इनमे से एक मंदिर राजग्वालीन दाई का भी हैए जहां माता के प्रति अटूट श्रद्धा और और विश्वास का अद्भुत नजारा देखा जा सकता है। जहां मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्वलित किया गया हैए वही मंदिर का पंडा अर्थात पुजारी अपने शरीर में ज्वारा की बुआई कर माता की सेवा में लगा है। देश प्रदेश में कोरबा को ऊर्जा नगरी के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा कई ऐतिहासिक बातें जुड़ी हुई हैए जो कोरबा को अलग पहचान दिलाती है । यहां पाली के ऐतिहासिक और प्राचीन शिव मंदिर तथा चैतुरगढ़ में माता का मंदिर स्थित है। इसके अलावा मां सर्वमंगलाए छुरी की मां कोसगाई और कोरबा चांपा मार्ग में ऊंचे पहाड़ पर मां मड़वारानी विराजित हैं। ऐसा ही एक मंदिर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर कटघोरा पेंड्रा मार्ग में तुमान के समीप स्थित हैए जहां राजग्वालिन दाई विराजी हुई है। क्षेत्रवासियों में माता रानी के विराजमान होने को लेकर अलग.अलग कथाएं प्रचलित हैए जो प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से जुड़ी हुई है। लोगो का राज ग्वालिन दाई पर अटूट श्रद्धा और विश्वास है। आम दिनों में माता की पूजा अर्चना तो की जाती है ए शारदीय और चैत्र नवरात्र पर विशेष पूजा का आयोजन भी किया जाता है। इस बार भी शारदीय नवरात्र पर मंदिर में 215 दीप प्रज्वलित किया गया है ।खास बात तो यह है कि मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना करने वाले पंडा सियाराम ने अपने शरीर पर ज्वारा की बुवाई किया है। वह जवारे के साथ ही पूरे 9 दिनों तक माता की सेवा में लगा रहेगा। जिसकी दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। क्षेत्र वासियों के लिए इस बार का नवरात्र खास है। दरअसल परिसर में ही नए मंदिर का निर्माण कराया गया हैए जहां नवरात्र के अवसर पर पूजा आराधना के बाद शिवलिंग की स्थापना की जाएगी ।

कलेक्टर ने लिया स्वास्थ्य विभाग की बैठक

## चिकित्सकों को समय में उपस्थित रहकर ओपीडी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय जशपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा ओपीडी में किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली और सभी चिकित्सकों को समय में उपस्थित रहकर ओपीडी कार्य सुनिश्चित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एंड न्यूट्रिशन डे के कार्ययोजना की जानकारी लेकर दुरस्त क्षेत्र में जहां स्थान चयन और वीएचएसएनडी सेशन प्रारंभ किया जा सकता है उस क्षेत्र के लिए कार्य योजना बनाकर अवगत कराने कहा। उन्होंने वीएचएसएनडी के दौरान सिकल सेल जांच करने भी कहा। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल स्क्रीनिंग हेतु समस्त चिरायु टीम, उप स्वास्थ्य केंद्र में दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रेगनेंट वूमेन एवं हाई रिस्क डिलीवरी जैसे प्रकरणों, डिलीवरी डेट जानकारी ली एवं नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बेहतर स्वस्थ सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने सर्पदंश प्रकरणों की जानकारी लेकर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने कहा। साथ ही डायरिया, हाइड्रोसील प्रकरण, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व एव मोतियाबिंद ऑपरेशन के कार्य की प्रगति, हृदय रोग, दृष्टि दोष,रक्ताल्पता, अतिकुपोषित, होंठ एवं तालू विकृति त्वचा रोग, दन्त रोग, कान संक्रमण एवं अन्य बीमारियों के बच्चों का इलाज संबधी प्रकरण की जानकारी ली। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो, यूनिसेफ के डॉक्टर गजेंद्र, एवं विभाग के अन्य अधिकारी सहित सभी पीएचसी के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।



## जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने किया चुनाव प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण

परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पुन: प्रशिक्षण देने का दिया निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं नोडल यशस्वी जशपुर विनोद कुमार गुप्ता ने बगीचा विकासखण्ड में चल रहे द्वितीय चरण के मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल 339 मतदान अधिकारियों को 6 कमरों में प्रशिक्षण विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया गया। सीईओ जिला पंचायत मिश्रा ने मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं 3 के कर्तव्य एवं मशीन में होने वाली त्रुटियों के बारे में प्रश्न पूछ कर उनकी मतदान प्रक्रिया तथा ईवीएम संचालन कौशल को परखा। साथ ही प्रशिक्षण में पहली बार चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण की प्रक्रिया को भलीभांति जानने और समझने की समझाईस दी गई।



उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाने एवं एवं ईवीएम मशीन को अच्छे से ऑपरेट करके सीखने के लिए हिदायत दी। प्रशिक्षण पश्चात होने वाले परीक्षा में 50 परसेंट से कम प्राप्तांक वाले मतदान अधिकारियों का पुन: 19 तारीख को प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी गुप्ता ने मशीन से संबंधित प्रश्न किये तथा मतदान से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण केंद्र में एसडीएम बगीचा एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राजेश मूणत का रायपुर पश्चिम विधानसभा से सघन प्रचार-प्रसार, बीजेपी की सरकार आने पर बंद होंगे आरटीओ बैरियर

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत का सघन प्रचार अभियान जारी है। गुरुवार को मूणत ने टाटीबंध क्षेत्र के नागरिकों और ट्रांसपोर्टरों से मुलाकात करके भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद जन आकांक्षाओं के अनुरूप आरटीओ बैरियरों में बंद करने का वादा किया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में अवैध उगाही की बढ़ती शिकायतों के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक झटके में प्रदेश भर की16 सीमा चौकियों बैरियर के साथ फ्लाइंग स्क्वाड को खत्म कर दिया था। लेकिन कांग्रेस सरकार की सरकार ने इन बैरियरों को फि र से चालू कर दिया। मूणत ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने जनहित को देखते हुए बेरियर बंद करवाए थे। लेकिन भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी भूपेश बघेल सरकार ने राज्य में फिर आरटीओ बैरियरों को शुरू करवा दिया ताकी बैरियर में अवैध उगाही का खेल शुरू सके। ज्ञात हो कि वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में अनुदान मांगों पर चर्चा करने के दौरान तत्कालीन परिवहन मंत्री राजेश मूणत को यह एलान किया था कि छत्तीसगढ़ में कहीं भी बैरियर और फ्लाइंग स्क्वाड नहीं रहेगाए सिर्फ जिला कलेक्टरों से अटैच जांच टीम ही काम करेगी। जो ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई करेगी। सुबह की चाय जनता के साथ,शाम को देवी माता की आरती राजेश मूणत प्रतिदिन अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मॉर्निंग वाक् के साथ शुरू कर रहे लोगों से मुलाकात करके कर रहे हैं। इस दौरान वह आम जनता के बीच चाय दुकान में जाकर चाय पीते हैं और चाय पर चर्चा करते हुए उनके विचार जानते है। मूणत का कहना है कि आम जनता से मिलाकर उनकी राय का संग्रहण कर रहे हैं। रायपर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पुन: निर्वाचित होने और भारतीय





जनता पार्टी की सरकार स्थापित होने के बाद जनता की उम्मीदों को पूरा करने की दिशा में अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। मूणत से शाम तक अलग-अलग इलाकों में छोटी-छोटी पब्लिक मीटिंग भी ले रहे हैं। जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी शामिल हो रही है। इन सभाओं में भाजपा के विचारों से प्रभावित होने वाले लोग पार्टी से में प्रवेश भी कर रहे हैं। दिनभर प्रचार अभियान में व्यस्त रहने के बाद राजेश मूणत नवरात्री के दौरान सजे दुर्गा पंडालों में भी संध्या आरती में शामिल होकर माता आदिशक्ति का आशीर्वाद भी ले रहे हैं। मूणत ने करवाया दर्जनों को भाजपा प्रवेश, कांग्रेस छोड़कर भाजपा से जुड़े गुरदीप सिंह गरचा कांग्रेस नेता कांग्रेस ट्रांसपोर्ट यूनियन के सेक्रेट्री, छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता यूनियन के अध्यक्ष गुरदीप सिंह गरचा समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्तों को नागरिकों ने सरकार की नीतियों से निराश होकर भाजपा में प्रवेश किया। राजेश मूणत ने उन्हें भाजपा में प्रवेश करवाया। इसकेअलावा सरबजीत सिंह ढिल्लो,पलविंदर सिंह,परबजीत सिंह बाल,गुरप्रीत सिंह,निहाल सिंह,पवनदीप सिंह,कृपाल सिंह,हरप्रीत सिंह,लक्की सिंह,मुखमिंदर सिंह,बलदेव सिंह,मगर सिंह,जोगिंदर सिंह,रघुवेदर सिंह,सतनाम सिंह,निलेश झा,बलविंदर सिंह,पप्पू पंडरी,रविन्द्र सिंह,सुखदेव सिंह,हरप्रीत सिंह,कुलप्रीत सिंह,गुरजीत बंटी,नवजीत सिंह,परबजीत सिंह,हिम्मत सिंह,गुरदीप सिंह गरचा,मूरत सिंह,इकबाल सिंह,हरभजन सिंह,मुखविंदर सिंह,बलदेव सिंह,महिंदर सिंह,बलवंत सिंह ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की मतदाताओं का सहयोग लगातार मिल रहा है जिससे संघन प्रचार जारी है।

# नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में आस्था के ज्योत जगमगाने लगे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में आस्था के ज्योत जगमगाने लगे हैं। इसके तहत भक्तत शक्ति के भक्ति में लीन होकर माता को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि धर्म की नगरी में देवी उपासना का पर्व नवरात्र की धूम मची हुई है। साथ ही इस बार मां दुर्गा हाथी में सवार होकर आई है। जो सुख शांति एवं समृद्धि का संकेत है। 25 साल बाद बने अनूठे संयोग को लेकर भी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। नवरात्र पर्व के तहत देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में शुभ मुहूर्त में आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए गये। नवरात्र में ज्योति का भी अलग. अलग महत्व है। इसे लेकर भक्तो में अलग-अलग धारणाएं हैं। सिद्ध पीठ के मां महामाया मंदिर के आचार्य आकाश शर्मा व पड़ा नंदू विश्वकर्मा, कुमार साहू, सुरेश निर्मलकर ने बताया कि नवरात्र में ज्योति प्रज्वलित करने से मां दुर्गा हर मनोकामना पूर्ण करती है। क्योंकि इस पर्व में माता की विशेष कृपा बरसती है। यही वजह है कि नवरात्र में ज्योति प्रज्वलित की संख्या बढ़ती जा रही है। जहां आचार्य ने बताया कि इस बार मां महामाया मंदिर में 125मनोकामना ज्योति प्रज्वलित भक्तों द्वारा की गई है। जहां नवरात्र में मां के दरबार में श्रद्धालुओं को भीड़ लग रही हैं। नवरात्र पर्व में प्रतिदिन मां महामाया का फ ूल, चुनरी, साड़ी,माला से विशेष श्रृंगार किया जा रहा हैं। मंदिर में प्रत्येक दिन जस गीत,भजन कीर्तन एवं आरती से विशेष पूजन किया जा रहा है। विदित हो कि नवरात्र प्रारंभ होते ही गांव व नगर का माहौल भक्तिमय हो जाता है। आदिशक्ति मां महामाया के दर्शन करने सैकड़ों किलोमीटर दूर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। जहां मंदिर सुबह6 बजे से रात्रि10 बजे तक भक्तों के लिए खुली रहती है। नवरात्रि पर्व पर मंदिर परिसर में माता सेवा जग की धुन प्रतिदिन सुनाई दे रही है। ज्ञात हो कि मां महामाया देवी मंदिर में प्राचीन समय से ही श्रद्धालु व भक्तगण अपना मनोकामना लेकर पहुंचते हैं और मनोवांछित फ ल प्राप्त करते हैं। मंदिर परिसर में मां चंडी माता, महादेव, मंगला देवी,केसर देवी,हनुमान भोलेनाथ,शानिदेव की मूर्तियां स्थापित है। क्षेत्र में सबसे प्राचीन मंदिर होने के कारण आस्था का केंद्र बना हुआ है। पूरा गांव भक्ति की शक्ति में लीन रहता है। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उल्लास देखा जा रहा है। जहां प्रतिदिन दूर.दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वही गांव में पांच जगहों पर मां दुर्गा की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है जहां समितियां द्वारा पंडालों को आकर्षण झालर लाइटों से सजाया गया है, जहां समितियों के द्वारा प्रतिदिन जस गीत सहित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित की जा रही है।

## एक नजर

### आत्मानंद स्कूल मारो के छात्र-छात्रा के प्राचार्य ने जागरूकता रैली निकाला

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा जिला के नगर पंचायत मारो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें आत्मानंद स्कूल मारो के छात्र-छात्रा,प्राचार्य एवं गुरुजन के साथ जागरूकता रैली निकाल गया। लोगों को मतदान करने जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाने जागरूक किया गया। उक्त रैली में आरपी नेताम मुख्य नगर पालिका अधिकारीत नगर पंचायत मारो,सहायक राजस्व निरीक्षक देवनारायण शर्मा,सफाई दरोगा निहाल वर्मा,सहायक ग्रेड 03 हितेंद्र तिवारी, मनेंद्र पाटिल,अशोक कुमार साहू, आशीष दिव्य आत्मानंद के छात्र छात्रा एवं गुरुजन उपस्थित रहे।

### खदानकर्मी व आश्रितों को फिल्म मिशन रानीगंज दिखाई जा रही निशुल्क

**कोरबा।** कोयला खदान हादसे पर आधारित फिल्म मिशन रानीगंज कोयला कर्मी और उनके आश्रितों को निशुल्क दिखाई जा रही है। प्रबंधन और संयुक्त ट्रेड यूनियन के निर्णय के अनुसार सभी एरिया में फिल्म दिखाने की पहल की जा रही है। इसे लेकर कोरबा एरिया के कर्मी और उनके परिवारजनों को यह फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म को दिखाने का उद्देश्य उद्योग प्रेम और कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास करना है।

अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ष्मिशन रानीगंज द ग्रेट भारत रेस्क्यू सिनेमाघरों तक पहुंच चुकी है। यह फिल्म पश्चिम बंगाल के रानीगंज में साल 1989 हुए एक हादसे पर आधारित है। इस हादसे में रानीगंज कोलफील्ड में फंसे 65 खदान श्रमिकों को जसवंत सिंह गिल ने बचाया था। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने जसवंत सिंह गिल का किरदार निभाया है। कोल इंडिया लिमिटेड में एक इंजीनियर के रूप में कुछ समय तक तक काम करने के बाद जसवंत सिंह गिल को उप.विभागीय अभियंता के रूप में पदोन्नत मिली और फिर वह कोल इंडिया लिमिटेड में कार्यकारी अभियंता के तौर पर कार्यरत रहे। उसके बाद उन्हें रानीगंज में कोल इंडिया लिमिटेड में मुख्य महाप्रबंधक ईडी सुरक्षा एवं बचाव के पद पर पदोन्नत किया गया। 13 नवंबर 1989 को उसी क्षेत्र की एक कोयला खदान में दुर्घटना हुई, जिसमें 220 खनिक काम कर रहे थे। जसवन्त सिंह गिल ने एक स्टील कैप्सूल बनाकर बचाव अभियान की योजना बनाई और खुद कैप्सूल में घुस कर बोरवेल के जरिये वहां गए जहां 65 खनिक फंसे हुए थे। बोरवेल में पहुंचने के बाद जसवंत सिंह ने फंसे हुए मजदूरों को एक.एक करके कैप्सूल के जरिए भेजना शुरू किया। सभी 65 खनिकों को बचाने के बाद सबसे आखिर में जसवंत सिंह बोरवेल से बाहर आए और बचाव अभियान में लगभग छह घंटे लगे। तब से भारत में 16 नवंबर को बचाव अभियान की याद में "बचाव दिवस" के रूप में मनाया जाता है। खदान में फंसे हुए मजदूरों को एक-एक करके लोहे के कैप्सूल में बाहर निकाला। यहीं वजह है कि उन्हें तब से कैप्सूल गिल नाम से जाना जाता है। इस फिल्म को कोयला कर्मियों को दिखाने का निर्णय लिया गया है।

### आधी रात को पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने किया थाना चौकियों का औचक निरीक्षण

**कोरबा** । कोरबा जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर आपराधिक गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने अर्धरात्रि थाना चौकियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौजूदा पुलिस कर्मचारियों से कामकाज के बारे में जानकारी ली। थाना क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त एवं वाहन जांच को तेज कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मानिकपुर चौकी, सीएसईबी चौकी और कोतवाली थाना में पुलिस कर्मचारी अपने ड्यूटी पर तैनात मिले। इस दौरान थानो में ड्यूटी पर तैनात नाईट अधिकारी कर्मचारियों का भी निरीक्षण किया। हवालात की स्थिति भी देखी। पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त में लगे हुये अधिकारियों/कर्मचारियो को उनके ड्यूटी के हिसाब से निरीक्षण कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रभावी रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए।

## अनीता योगेंद्र शर्मा की जगह, छाया वर्मा होंगी कांग्रेस प्रत्याशी

खरोरा। धरसींवा विधानसभा मे कांग्रेस ने अनीता योगेंद्र शर्मा की जगह पूर्व राजयसभा सांसद श्री मति छाया वर्मा को टिकट दिया. छेत्र मे उत्सुकता के साथ -साथ आश्चर्य भी है की पिछले दो साल से छाया वर्मा ने बलौदाबाजार विधानसभा से तैयारी कर रही थी उनको वहाँ से टिकट नहीं देकर धरसींवा से टिकट दिया गया.



छेत्र के कोंग्रेसियो मे उत्साह है की पूर्व राजयसभा सांसद होने के कारण इनका दिल्ली मे मजबूत पकड़ है और समय ङ्क समह्यष्य मे इन्होने छत्तीसगढ़ की बात को देश के सबसे उच्च सदन राजयसभा मे छत्तीसगढ़ की बातो को उठाथे रही है. तो छेत्रवासियो को उम्मीद जग गई है की धरसींवा की विधायक अगर छाया वर्मा बनती है तो छेत्र की समस्याओं को मुखरता से छत्तीसगढ़ की विधानसभा मे उठाएगी. जिसके लिए पूरा छत्तीसगढ़ मे उनकी पहचान बनी हुई है. छाया वर्मा जी ने ही राजयसभा मे छत्तीसगढ़ भाषा को राज्य भाषा देने के लिए सदन मे आवाज उठाई थी. वहीँ अनीता शर्मा ने पिछले विधानसभा मे 19800 वोटो से जीत दर्ज की थी वहीँ राजनितिक विशेषग्या को मानना है की उनका जातिगत समीकरण के कारण टिकट कटा उनका यह भी कहना है की अनीता शर्मा की टीम और उनके सहयोग के बिना इस सीट को जीत पाना संभव नहीं है. वहीँ क्षेत्रवासियो ने नम आँखों से कहा की अनीता शर्मा के कार्यकाल मे जो उचाईयों को छुआ है उसे छेत्र की जनता हमेशा याद रखेगी.

## बलौदाबाजार विधानसभा के लिए कांग्रेस से प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी

* नगर आगमन पर त्रिवेदी का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




छत्तीसगढ़ के लगभग 83 विधानसभाओं के लिए कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है जिसमें बलौदाबाजार विधानसभा से शैलेश नितिन त्रिवेदी को प्रत्याशी घोषित किया जिनका आज रायपुर से बलौदाबाजार आगमन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा बलौदा बाजार नगर के चौक चौराहा पर जगह-जगह फू ल बरसा, गए मालाएं पहनाई गई आतिशबाजी एवं भरपूर उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया है।

### जगह-जगह शैलेश नितिन त्रिवेदी का भव्य स्वागत

जिले में जैसे ही लोगों को यह मालूम पड़ा कि बलौदाबाजार विधानसभा कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में शैलेश नितिन त्रिवेदी का नाम आया तब से ही पूरे बलौदाबाजार विधानसभा में खुशी का माहौल बन चुका था। लोगों ने खुशनुमा माहौल बनाकर दिखा, बलौदाबाजार नगर में जगह-जगह शैलेश नितिन त्रिवेदी का भव्य स्वागत हुआ कई समाज के लोगों ने माल्यार्पण किया आशीर्वाद दिए शुभकामनाएं दिए बधाई दिए साथ ही साथ लोगों ने शैलेश नितिन त्रिवेदी की छवि की खूब सराहना भी किए इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़िया अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने भी माला पहनकर उनको बधाई दी है। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, अबकी बार 75 पार का नारा लगाए। शैलेश नितिन त्रिवेदी का जगह.जगह मंदिरों में मत्था टेक गया परमात्मा से आशीर्वाद लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, रूपेश ठाकुर,विक्रम गिरी, मोती वर्मा,राकेश वैष्णव, राकेश वर्मा, के के वर्मा, तुलसी वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, शैलेंद्र बंजारे,एनएसयूआई विंग के कार्यकर्ता के साथ काफी संख्या में कांग्रेसी एवं नगरवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## चंद्रा समाज को सामाजिक भवन निर्माण के लिए लोकेश चंद्रा ने किया भूमि दान

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।




चंद्रा समाज के लिए सामाजिक भवन निर्माण के हेतु भूमि उत्कृष्ट उद्यमी चंद्रा समाज व निष्ठा फ्यूल्स मिशन चौक एवं चंद्रा क्रशर उद्योग नगझर के संचालक लोकेश चंद्रा द्वारा भूमि दान किया गया जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम 19 अक्टूबर, दोपहर को तहसील कार्यालय मालखरौदा के पीछे में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्या अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा नारायण चंदेल ए अतिविशिष्ट तिथि के रूप में चन्नाहू चंद्रा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष राम रतन चंद्रा व जिला अध्यक्ष भाजपा सक्ती व भाजपा प्रत्याशी जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र कृष्णकांत चंद्रा उपस्थित रहे। चंद्रा समाज द्वारा लोकेश चंद्रा और कृष्णकांत चंद्रा को चंद्रा समाज के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने व भूमि दान के लिए मोमेंटम से सम्मानित उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूषण लाल चंद्रा, केंद्रीय उपाध्यक्ष कैलाश किशोर चंद्रा, अश्विनी चंद्रा, राधेश्याम चंद्रा, सत्यनारायण चंद्रा, योगेश्वरी चंद्रा, केंद्रीय महासचिव अमृतलाल चंद्रा, केंद्रीय अतिरिक्त महासचिव भुवन लाल चंद्रा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष अशोक कुमार चंद्रा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष फ ूलचंद चंद्रा, केंद्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी चंद्रिका प्रसाद चंद्रा, केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रा युवा समिति महेंद्र गुड्डू चंद्रा सहित समाज के केंद्रीय पदाधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रा समाज उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक पगबंधी जोहार के साथ एक मजबूत राजनैतिक दल का उदय कल

बुढ़ादेव यात्रा में 70 लाख छत्तीसगढ़िया से किया प्रत्यक्ष भेंट

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

गैर राजनैतिक संगठन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा छत्तीसगढ़िया अस्मिता के लिए लगफग एक दशक से आंदोलन, धरना, मांग, जेल यात्रा किया जा रहा है किंतु वाजिब मांगो की अनदेखी और छत्तीसगढ़िया समाज के मांग पर अपनी एक नई राजनैतिक पार्टी का गठन करके विधानसभा चुनाव में उतरने जा रहा है।




जिसका एंट्री 21 अक्टूबर को पगबंधी जोहार कार्यक्रम से होगा। संगठन के बिलासपुर जिला प्रमुख ने बताया कि पगबंधी मतलब घर के सियान के निधन होने पर घर को चलाने की जिम्मेदारी अपने बच्चो को दिया जाता है माने घर की सियानी पड़ोसी को नहीं दे सकते उसी तरह अपने राज्य की सियानी भी हम स्वयं करेंगे। उन्होंने आगे बताया की इस दिन हमारी राजनैतिक विंग का चुनाव चिन्ह, पार्टी का नाम एवम हमारे उम्मीदवार का भी घोषणा हो जायेगा। हम छत्तीसगढ़ी समाज के आर्थिक हित एवम उनके शोषण के खिलाफ कई वर्षो से जमीन के लड़ाई लड़ रहे हैं इसलिए उम्मीद है की छत्तीसगढ़िया समाज हम पर विश्वास करेंगे कि हमारी कोई निजी स्वार्थ नई है और केवल और केवल छत्तीसगढ़िया समाज के लिए लड़ रहे हैं।

## भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने जांजगीर चांपा जिला कलेक्टर चुनाव आयोग, पुलिस अधीक्षक को वायरल वीडियो के संबंध में ज्ञापन सौंपा


जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन एक सामाजिक संगठन है। एवं इनके संस्थापक चंद्रशेखर आजाद है छत्तीसगढ़ में भीम आर्मी का प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े है।




जांजगीर चाम्पा भीम आर्मी जिलाध्यक्ष कलेश्वर खुंटे बताया कि हमारा संगठन किसी भी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नही किया है एवं भीम आर्मी जांजगीर जिला का कोई भी युवा कार्यकर्ता भाजपा में शामिल नहीं हुआ है। 18 अक्टूर 2023 को सोसल मीडिया पब्लिक एप्प न्यूज में देबी लाल नाम के आईडी से भाजपा कार्यालय जांजगीर में भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन का किया गया आयोजन, भीम आर्मी के 250 युवा भाजपा में हुए शामिल

यह वीडियो पब्लिक एप्प न्यूज में देबी लाल के आईडी से वायरल हुआ है। हम इस वीडिया का खंडन करते है हमारे भीम आर्मी के कोई भी युवा कार्यकर्ता व महिलाएं भाजपा में शामिल नहीं हुआ है एवं वीडियो में दिख रहे नीले गमछा में युवा व महिलाओं का भीम आर्मी में सदस्यता नहीं है। उन लोगों का भीम आर्मी जिलाध्यक्ष कोई वास्तविक जानकारी भी नहीं है। यह भीम आर्मी संगठन को बदनाम करने एवं छवि को धूमिल करने के आशय से वायरल किया गया है। इस खबर से हो सकता है भाजपा वोट बैंक के लिए गंदी राजनीति करना चाहता हो एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को भ्रमित कर सामाजिक सौहाद्र बिगड़ना चाहता हो। इस विषय में 19 अक्टूबर 2023 को जिलाध्यक्ष अपने कमेटी के साथ कलेक्टर में देकर गलत एवं भ्रामक झूठा जानकारी फैलाने वालों पर उचित कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन दिया है।


जय भीम
जय मूलनिवासी
भारत एकता मिशन छ.ग.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा.विनय रतन सिंह
डॉ.बी.आर.अम्बेडकर
स्थानीय पता
दिनांक 19/10/2023
कार्यालय कलेक्टर
19 OCT 2023
जांजगीर चांपा (छ.ग.)
ने भाजपा में शामिल हुई वायरल वीडिया के संबंध में
र्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ एक सामाजिक संगठन
र्टी का समर्थन नही किया है एवम भीम आर्मी जांजगीर जिला
ल नही हुआ है
एप्प पब्लिक न्यूज में देबी लाल नाम के आईडी से " भाजपा
का सम्मेलन का किया गया आयोजन , भीम आर्मी के 250
आईडी से वायरल हुआ है,हम इस वीडिया का खंडन करते है
व महिलाएं भाजपा में शामिल नही हुआ है एवम वीडिया
का भीम आर्मी में सदस्यता नही है। यह भीम आर्मी संगठन
ने के आशय से वायरल किया गया है, इस खबर से हो
जनीति करना चाहता हो एवम भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को
ता हो।
दन है कि वायरल वीडिया का जांच कर गलत एवम भ्रामक
र्यवाही करने की कृपा करें।
कलेश्वर खुंटे
भीम आर्मी जिलाध्यक्ष
जिला-जांजगीर-चाम्पा(छ ग)
मो.9165599233

* मैं भीम आर्मी जिलाध्यक्ष इस वीडियो का खंडन करता हूं भीम आर्मी के कोई भी युवा कार्यकर्ता एवम महिलाएं भाजपा में शामिल नहीं हुआ है और जो लोग पब्लिक न्यूज वीडियो में नीला गमछा के साथ दिख रहे हैं वे भीम आर्मी कार्यकर्ता नहीं हैं। वे लोग कौन है यह जांच का विषय है जिसके लिए हमने अपनी संगठन की ओर से जिला कलेक्टर निर्वाचन आयोग,पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा दिए है।

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023

# थैले में डेढ़ किलो गांजा लेकर पैदल जा रहा आरोपी गिरफ्तार,पुलिस की बड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**रायगढ़ एसपी व धरमजयगढ़ एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में कापू पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बड़ी कार्वाई को अंजाम दिया है।**

वहीं, इस मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है। इस रेड कार्वाई को अंजाम देने वाली टीम का का हिस्सा रहे एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस थाना कापू में पदस्थ हूं। बुधवार को स्थैतिक निगरानी बैरियर में चेकिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि एक ब्यक्ति जो मटमैला रंग का सफारी वाला हाफ शर्ट एवं नीला हरा रंग का चौकना चेकदार लुंगी पहना हुआ है। एक सफेद रंग का प्लास्टिक थैला में गांजा रखकर ग्राम ठाकुरपोंडी की ओर से पैदल ग्राम गोलाबुड़ा की ओर आ रहा है। इस बात की




सूचना पाकर संदेही जेठु यादव के द्वारा मादक पदार्थ गांजा एवं साक्ष्य को नष्ट कर देने की संभावना पर निरीक्षक एनएस मरकाम हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ ग्राम गोलाबुड़ा में नाकाबंदी किया गया। जो मुखबीर के बताये हुलिया का ब्यक्ति अकेला पैदल आते हुए दिखाई दिया।

तत्पश्चात संदेही जेठु यादव साकिन चाल्हा का विधिवत तलाशी लिया गया तो पाया कि एक सफेद कलर की प्लास्टिक थैला में खाखी कलर का टैप में बांध कर लपेटा हुआ कुल वजन 1.500 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा किमती करीबन 12000 रूपये का होना पाया गया। जिसे आरोपी जेठु राम यादव के कब्जे से बरामद किया गया। इस मामले में आरोपी जेठु राम यादव पिता मधुसुदन यादव उम्र 35 वर्ष साकिन चाल्हा थाना कापू जिला रायगढ़ को पुछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने से तथा धारा 20 ;बी, एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत रूप से मौके पर गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर अपराध पंजीबध्द कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## एक नजर

### आधी रात घर में घुसा विशालकाय मगरमच्छ, सो रहे नाती पर किया हमला तो मगरमच्छ से भीड़ गया ग्रामीण

**कोरबा ।** जिले के एक गांव में मंगलवार देर रात अचानक एक विशालकाय मगरमच्छ आ धमका. फिर गांव के एक घर में घुस गया और वहां सो रहे लोगों पर हमला कर दिया. मगरमच्छ के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आधी रात हुए इस घटना से गांव में हड़कप मच गया. मामला कटघोरा वन मंडल पाली वन परिक्षेत्र के शिवपुर गांव का है।

बताया जा रहा है कि, खुटाघाट जलाशय से निकलकर मगरमच्छ कल रात शिवपुर गांव पहुंचा. इसके बाद मगरमच्छ ने 43 वर्षीय हरिराम टोप्पो के सो रहे नाती पर हमला कर दिया. नाती पर हमला होते देख हरिराम टोप्पो मगरमच्छ से भीड़ गया. इस दौरान मगरमच्छ ने हरिराम का दायां हाथ काट लिया. इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है.

वहीं घर पर सो रहे बाकी सभी सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची.

# नवरात्र गरबा के पहले दिन मुस्कान बामने संघ झूमा बिलासपुर आएगी तनाज ईरानी

बिलासपुर के सबसे बड़े नवरात्र गरबा में पहुंचेगी अनुपमा फेम मुस्कान बामने

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

तीन दिवसीय नवरात्र गरबा की शुरुवात 18 अक्तूबर से को हुई, जो तीन दिन चलेगी। यहां हर दिन टीवी कलाकार पहुचेंगे। और बिलासपुर वासियों संग गरबा की धुन पर साथ देंगे। पहले दिन बिलासपुर पहुंची अनुपमा फेम मुस्कान बामने संघ बिलासपुर झूम उठाए, अपने पसंदीदा कलाकार को अपने बीच पाकर खुशी का ठिकाना नहीं था।

### पहले ही साल में लोगो के बीच बनी नवरात्र गरबा पहली पसंद

शहर में पिछले साल 2022 से शुरू हुई नवरात्र गरबा ने अपने



पहले ही साल में लोकप्रिय हो गई, आयोजक पीछले तीन महीनों से इसकी तैयारी पर जुटे हुए थे। विगत वर्ष पारिवारिक माहौल में हुए इस गरबा को लोगो ने हाथो हाथ लिया, यही कारण है कि इस वर्ष भी लोगों ने सबसे पहला स्थान गरबा के लिए नवरात्र गरबा को चुना। आयोजनकर्ता भी कोई भी कसर तैयारी पूरी करने में नही छोड़ रहे है।

### ऐसी है इस बार तैयारी

2000 वर्गफिट का मंच जहां शहर वासियों को आराम से अपने चेहेते कलाकारों को देखने में कोई दिक्कत नही होगी, वही सवा एकड़ जैसी बड़ी आउटडोर में लोग आराम से गरबा का आनंद ले सकेंगे। साथ ही बड़ी व्यवस्थित पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर बिना रूकावट सीधे कार्यक्रम में पहुंच सकेंगे।

### इस बार भी होंगी तीन एक्ट्रेस

*विगत वर्ष भी तीनों दिन टीवी कलाकार और बॉलीवुड फेम शहर में चर्चित रही, इस*



*वर्ष भी तीनों दिन टीवी एक्ट्रेस शहर वासियों के साथ गरबा खेलेंगी। पहले दिन जहां अनुपमा फेम मुस्कान बामने पाखी बिलासपुर पहुंची वही दूसरे दिन आज 19 अक्तूबर को मशहुर एक्ट्रेस तनाज ईरानी आयेगी वही तीसरे और अंतिम दिन अनुपमा फेम और सबकी चेहेती निशी सक्सेना डिंपी रहेंगी। रामूजी ग्रुप के द्वारा यह गरबा कराया जा रहा है जिसके आयोजनकर्ता है राकेश प्रताप सिंह परिहार अमित संतवानी, महूफज खान, उत्तपल सेनगुप्ता गोविंद शर्मा गरबा उत्सव आयोजन समिति।*

# महापौर को टिकट नहीं मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**टिकट देने की मांग कर एक युवक खुद पर डाला केरोसिन...**



**रायपुर।** राजधानी में रायपुर के महापौर एजाज ढेबर को कांग्रेस पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव की टिकट नहीं मिलने से नाराज सैकड़ों समर्थकों ने सुभाष स्टेडियम पहुंचकर भारी प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शनकारी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी कर महापौर एजाज ढेबर को टिकट देने की मांग कर रहे है। इस दौरान एक युवक ने खुद पर केरोसिन डालकर आग लगाने का प्रयास भी किया है। बता दें कि एजाज ढेबर ने रायपुर दक्षिण से टिकट की मांग की थी। मगर पार्टी ने महंत रामसुंदर दास को यहां से प्रत्याशी बनाया गया है। रायपुर दक्षिण से टिकट नहीं मिलने से नाराज महापौर के समर्थकों में भारी आक्रोश है। जिससे सभी सुभाष स्टेडियम के पास एकत्र होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बीच एक युवक ने खुद पर केरोसिन डाल लिया और आग लगाने की कोशिश की। युवक की हरकत को देख मौके पर मौजूद पुलिस ने युवक को रोका और भीड़ से निकालकर सुरक्षित स्थान में लाया गया। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित है।

# राधेश्याम को चुनाव संचालक बनाना भाजपा की बड़ी रणनीति

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**विधानसभा धरमजयगढ़ क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी हरिशचंद्र को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं विधानसभा स्तर पर समन्वय समिति बनाया गया है। जिसकी बैठक में राधे श्याम राठिया को सर्वसम्मति से चुनाव संचालक नियुक्त किया गया।**

भाजपा ने पहली बार राठिया



समाज से चुनाव संचालक बनाया है। जिसका जीत में बहुत बड़ा योगदान भी रहेगा। राधेश्याम राठिया विधानसभा क्षेत्र में जाना पहचाना नाम है। वहीं घरघोड़ा, कुडुमकेला, छाल क्षेत्र में राठिया की अच्छी पकड़ है। इस क्षेत्र को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस क्षेत्र से भाजपा ने राधेश्याम को चुनाव संचालक बनाकर कांग्रेस को पहला झटका दे दिया है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी से हरिशचंद्र के अलावा, राधेश्याम, संतोष सहित अनेक कार्यकर्ता टिकट की मांग कर रहे थे। हरिशचंद्र को टिकट मिलने से कांग्रेस को लग रहा था कि बाकी नेता बगावत करेंगे। जिसका लाभ कांग्रेस को होगा। जहां राधेश्याम पहले से ही पार्टी के लिए प्रचार प्रसार कर रहे थे। लेकिन चुनाव संचालक जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद से पूरी तरह कमर कस कर मैदान में डट गए हैं। जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा, और परिणाम जीत में बदल सकता है।

# अवैध खनन व परिवहन के मामले में प्रशासन ने की कार्यवाही

* अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 11 वाहन जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

**कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में खनिज उड़नदस्ता टीम द्वारा जॉजगीर, बलौदा, पामगढ़ अकलतरा, शिवरीनारायण क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले वाहनो का औचक जांच किया गया।**

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने



वाले खनिज रेत के 9 प्रकरण 7 ट्रैक्टर, 02 हाईवा, चूना पत्थर के 02 प्रकरण 02 हाईवा, के प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन करने वाले 11 वाहनों को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्यवाही की जावेगी समस्त वाहनों को पुलिस



अभिरक्षा मे रखा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम भोगहापारा तहसील शिवरीनाराण के 02 स्थानो पर खनिज रेत के अवैध भण्डारण किये जाने के फलस्वरूप प्रकरण दर्ज किया गया है।

जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जॉच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# महापौर एजाज ढेबर को टिकट न मिलने से नाराज, एक समर्थन ने आत्मदाह करने की कोशिश की

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारिखों का ऐलान होने के बाद से राजनितिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने 86 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। तो वहीं कांग्रेस ने 83 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। वहीं नामों के ऐलान के बाद से ही दोनों ही पार्टियों में विरोध भी देखने को मिल रहा हैए रायपुर दक्षिण से महंत राम सुंदर दास टिकट मिला है, जिसके बाद से महापौर एजाज ढेबर को रायपुर दक्षिण से टिकट नहीं मिलने पर उनके समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। हजारों की संख्या में समर्थक सुभाष स्टेडियम में एकत्रित हुए है। उसके बाद समर्थक आकाशवाणी



चौक में सड़क पर बैठकर विरोध जता रहे है और महापौर ढेबर को रायपुर दक्षिण से टिकट देने की मांग को लेकर अड़े हुए है। वहीं इस दौरान एक युवक ने मिटटी तेल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश कीए हालांकि वक्त रहते पुलिसकर्मी उसकी मंशा को भांप गए और युवक के हाथ से मिट.टी तेल की बॉटल छीन कर उसे बचा लिया। वहीँ युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in